

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 13 मार्च 2025 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-342 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# मोदी से मिलने पहुंचे केजरीवाल

## डेढ़ घंटे चर्चा, भाजपा प्रवेश की अटकलें, केजरीवाल ने लगाया जयश्रीराम का नारा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की राजनीति ने आज यू-टर्न ले लिया। पूरा देश उस समय अवाक रह गया जब लोगों ने खबरिया चैनलों पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री व आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निवास पर प्रवेश करते देखा। इस अवसर पर दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा भी मौजूद थे। ऐसा माना जा रहा है कि केजरीवाल प्रवेश वर्मा की कोशिश से भाजपा में प्रवेश कर सकते हैं। चर्चा यह भी है कि आप का भाजपा में विलय किया जा सकता है। सूत्र बताते हैं कि मोदी से केजरीवाल की करीब डेढ़ घंटे चर्चा हुई है। चर्चा में गृह मंत्री अमित शाह ने भी भाग लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि केजरीवाल जब पीएम हाउस से बाहर आए तो उनके चेहरे पर संतोष के भाव थे। ज्ञात हो कि केजरीवाल के खिलाफ आपराधिक मामले चल रहे हैं। नई दिल्ली व पंजाब विधानसभा के चुनाव में आप की करारी हार के बाद केजरीवाल निराश चल रहे हैं। मोदी-शाह की रणनीति के सामने केजरीवाल को आप का जहाज डूबता नजर आ रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि अन्ना हजारे ने मोबाइल फोन पर केजरीवाल को सलाह दी थी कि बची-खुची इज्जत को कायम रखना है तो एक बार मोदी से मिल लो। खबरचियों ने बताया कि मोदी-शाह ने अभी केजरीवाल को कोई ठोस आश्वासन तो नहीं दिया है किंतु यह जरूर कहा है कि फिलहाल राहुल गांधी के पीछे पड़ जाओ। केजरीवाल ने आचार्य प्रमोदी कृष्णम के साथ मिलकर सनातन धर्म के लिए काम करने का वादा किया है। उन्होंने मोदी से निवेदन कयिा है कि उनके पाप धोने में मदद करें। केजरीवाल गंगा स्नान करने जाएंगे। केजरीवाल के मन बदलने पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्किार्जुन खरगे ने कहा है कि केजरीवाल काजर की कोठरी से निकलकर अब कालिख पोछवाने मोदी की शरण में जा रहे हैं। पीएम हाउस से निकलते ही केजरीवाल ने जय श्री राम का नारा लगाया।



## संक्षेप

### आज जलेगी होली 14 को खेलेंगे रंग

**रायपुर.** रंगों का त्यौहार होली राजधानी सहित पूरे प्रदेश में रंगीन मिजाज के साथ मनाई जाएगी। इससे पहले आज शाम होली दहन किया जाएगा। होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किये हैं।

### अवकाश-सूचना

होली पर 14 मार्च 2025 को तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस एवं कार्यालय में अवकाश रहेगा। पत्रकारों,प्रेस कर्मचारियों की खुमारी उतरी तो अगला सांध्य संस्करण 15 मार्च 2025 एवं प्रातः संस्करण 16 मार्च 2025 को प्रकाशित होगा वरना अगले दिन। **होलिकोत्सव** पर सभी पाठकों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

**व्यवस्थापक**

### 24 मार्च को राष्ट्रपति, 30 को पीएम आएंगे छत्तीसगढ़

**रायपुर,13 मार्च।** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का 24 मार्च को रायपुर आएंगी। इस दौरान वे विधानसभा में प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित है, वे बिलासपुर के मोहभट्ठा में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ के अपने परिवारजनों को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। उपरोक्त सूचना छग के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बुधवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान दी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री की सभा की तैयारी जोर शोर से शुरू हो गई है। पिछले दिनों मैंने स्वयं कार्यक्रम स्थल का साथी विधायकों के साथ निरीक्षण किया था। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री का आगमन हो रहा है, इसलिए प्रदेश में उनके आगमन को लेकर भारी उत्साह है।

### गुरुग्राम के किंगडम ऑफ ड्रीम्स में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली,13 मार्च।** गुरुग्राम में स्थित किंगडम ऑफ ड्रीम्स में भीषण आग लग गई है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की कई गाड़ियां पहुंच गई हैं। आग के उठती लपटों को काफी दूर से देखा जा सकता है। फिलहाल आग लगने के पीछे की वजह का पता नहीं चल पाया है। किंगडम ऑफ ड्रीम्स का उद्घाटन साल 2010 में हुआ था। यह गुरुग्राम की एक बड़ी टूरिस्ट अट्रैक्शन है। बताया जा रहा है कि आग किंगडम ऑफ ड्रीम्स की की कल्चर गैलरी में लगी है। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटी हुई हैं। यह गुरुग्राम की एक बड़ी टूरिस्ट अट्रैक्शन है। इसमें ओपेरा थियेटर भी है। इसमें थीम पार्क भी है, जो 6 एकड़ से ज्यादा इलाके में फैला हुआ है। यहां पर सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ तरह-तरह के फूड भी मिलते हैं।

### अमदई खदान में प्रेशर कुकर आईईडी बरामद

**नारायणपुर,13 मार्च।** जिले के अमदई खदान (निको कंपनी) के डंप एरिया में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है. जवानों ने यहां से 5 किलोग्राम से अधिक वजन का प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किया और उसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया. यह मामला छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का है. नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए यह आईईडी प्लांट किया था. इससे पहले भी इसी क्षेत्र में आईईडी विस्फोट की घटना हो चुकी है, जिसमें एक कर्मचारी की मौत हो गई थी और कुछ अन्य घायल हुए थे. इस घटना के बाद एसपी ने ग्रामीणों से अपील की है


## भूपेश को पीसीसी अध्यक्ष बनाने सिंहदेव ने की सिफारिश



**रायपुर,13 मार्च।** विधानसभा चुनाव के पूर्व भूपेश बघेल के दुबारा मुख्यमंत्री बनने की मंगल कामना करने वाले हुजुर टीएस सिंहदेव ने दीपक बैज को हटाकर भूपेश बघेल को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाने का निवेदन श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व मल्लिकार्जुन खरगे से किया है। सिंदेव ने उक्त शीर्ष नेताओं को लिखे सिफारिशी पत्र में कहा है कि भूपेश बघेल का मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल बेदाग रहा है। वे बेहद ईमानदार व लोकप्रिय नेता हैं। उनके शासनकाल में घपले-घोटालों पर लगाम लग रहा है। सिंहदेव ने कहा है कि भले ही हम दोनों के बीच में ढाई-ढाई साल मुख्यमंत्री रहने के फार्मूले को लेकर खटास आ गई थी किंतु मैंने भूपेश की कार्यशैली से प्रभावित होकर सरेंडर कर दिया था और भूपेश पूर पांच वर्ष मुख्यमंत्री रहे। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के पूर्व सिंहदेव ने दुबारा भूपेश बघेल के नेतृत्व पर भरोसा जताया था। यह अलग बात है कि कांग्रेस चुनाव हार गई। सिंहदेव चाहते हैं कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कमान भूपेश बघेल को सौंपी जाए। भूपेश अनुभवी नेता हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश चुनाव की कमान संभाली थी। वर्तमान में पंजाब के प्रभारी हैं। हालांकि उप्र में कांग्रेस हार गई थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस भी चुनाव नहीं जीत पाई। कांग्रेस जहां शून्य में चली गई है वहीं संगठन भी कमजोर हुआ है। बऔज में संगठन क्षमता नहीं है जबकि भूपेश बघेल सबको लेकर चलते हैं। ई तरह के आरोप लगने व जांच का सामना करने के बाद भूपेश चट्टान की तरह अडिग हैं। वे जीवट नेता हैं। सिंहदेव ने कहा है कि मैं जब मुख्यमंत्री नहीं बन सका तो प्रदेश अध्यक्ष बनकर क्या कर लूंगा। मैं अपने ढाई वर्ष के मुख्यमंत्री पद पर अधिकार को पाने में असफल रहा हूं। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भूपेश ही काबिल चेहरा है।

## निगम-मंडल अध्यक्षों की घोषणा

**रायपुर,13 मार्च।** लंबी प्रतीक्षा के बाद अंततः आज निगम-मंडल व आयोग के अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता व योग्यता को देखते हुए ये नियुक्तियां की गई है। इसमें किसी भी विधायक को शामिल नहीं किया गया है। उनके पास पहले से ही विधायक का निर्वाचित पद है। उन्हें संसदीय सचिव नियुक्त करने के समय मौका दिया जाएगा। निगम मंडलों में वर्षों से उपेक्षित-वंचित नेताओं को अवसर दिया गया है। जारी सूची के अनुसार सुभाष तिवारी को खनिज विकास निगम, अंजय शुक्ला को आबकारी निगम, सत्यम दुआ को युवा आयोग, संदीप शर्मा कृषि आयोग, केदार गुप्ता बन विकास निगम, संजय श्रीवास्तव, पर्यटन मंडल राज्य वित्त आयोग ओंकार बैस, अंजय शुक्ला आरडीए अध्यक्ष, राज्य अल्पसंख्यक आयोग हाही मुन्ना, रमेश गांधी गौसेवा आयोग, मृत्युंजय दुबे योग आयोग तथा जेपी शर्मा को छग राजभाषा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। पहली सूची में किसी भी महिला का नाम नहीं है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि शेष निगम-मंडलतों की सूची शीघ्र जारी की जाएगी जिसमें न केवल महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी बल्कि दूसरे जिलों के नेताओं को भी स्थान दिया जाएगा। कुछ नए निगम मंडल बनाए जा सकते है। पहली सूची बेहद संतुलित है। इसमें किसी भी वरिष्ठ नेता की नहीं चली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने विवेक से नामों का चयन कर दिल्ली दरबार से ओके कराया है। यदि किसी ने इस सूची पर सवाल उठाया तो इसे आला कमान का अपमान माना जाएगा।





## दिल्ली में ब्रिटिश महिला से रेप

**नई दिल्ली,13 मार्च।** दिल्ली के महिपालपुर क्षेत्र में एक ब्रिटिश महिला के साथ बलात्कार की एक घटना प्रकाश में आई है. महिला की सोशल मीडिया पर एक युवक से दोस्ती हुई, जिसके परिणामस्वरूप वह भारत मिलने आई. उसने महिपालपुर के एक होटल में कमरा बुक किया, जहां आरोपी ने उसके साथ बलात्कारी व्यवहार किया. जब पीड़िता रिसेप्शन पर पहुंची, तो एक अन्य युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की. पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के अनुसार, पीड़िता ब्रिटेन की निवासी है. उसने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी एक युवक के साथ सोशल मीडिया पर बातचीत शुरू हुई थी. दोनों के बीच काफी समय से ऑनलाइन मित्रता थी, जिसके परिणामस्वरूप युवती ने भारत आकर युवक से मिलने का निर्णय लिया. उसने महिपालपुर में एक होटल में कमरा बुक किया था. मंगलवार को जब दोनों होटल पहुंचे, तो प्रारंभ में स्थिति सामान्य प्रतीत हो रही थी, लेकिन कुछ समय बाद युवक ने युवती के साथ बलात्कारी व्यवहार करने का प्रयास किया. दोनों के बीच विवाद भी हुआ, लेकिन आरोप है कि युवक ने इसके बाद युवती के साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता ने रेप की घटना के बाद शोर मचाया और होटल के रिसेप्शन तक पहुंच गई. इसी बीच, एक अन्य युवक ने उसकी मदद करने का बहाना बनाते हुए उसे लिफ्ट से वापस कमरे में ले जाने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि इस दौरान उसने भी पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की.

## सड़कों पर थूकने, कचरा फेंकने पर लगेगा जुर्माना

**रायपुर,13 मार्च।** इंदौर की तर्ज पर राजधानी रायपुर में सफाई का नया सिस्टम लागू किया जाएगा। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने बताया कि इंदौर के अलावा पेरिस के उन आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा जिसका खर्च निगम प्रशासन उठाने में साक्षम है। मीनल चौबे ने साफ तौर पर कहा है कि एक अप्रैल से सभी सड़कों व गलियों में कचरा, गुटखा के पाउच आदि तथा थूना प्रतिबंधित रहेगा। नियम कायदों की अवहेलना करने वालों पर जुर्माना लगेगा। थूकने को भी अलग-अलग श्रेणी में बांटा गया है। पान या गुटखा खाकर थूकने वालों को पांच हजार रुपए प्रति थूक जुर्माना देना होगा। सामान्य थूक पर दो हजार तथा कफ सहित थूक पर ढाई हजार का जुर्माना लगो। थूकने वालों की फोटो सहित सूचना देने वालों को दस हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। बीड़ी, सिगरेट पीकर ठूंठ फेंकने वालों पर एक हजार जुर्माना तय किया गया है। सड़कों व गलियों में किसी भी तरह का कचरा फेंकने पर डेढ़ हजार रुपए का जुर्माना लगेगा। महापौर ने बताया कि जुर्माना नहीं पटाने पर पुलिस थाना में अपराध दर्ज कराया जाएगा। मेयर ने बताया कि इस नए नियम से नगर निगम का राजस्व तो बढ़ेगा ही शहर साफ नजर आएगगा। नाले-नालियां जाम नहीं होंगी। थूकने व कचरा फेंकने वालों पर नजर रखने निगम प्रशासन सड़कों व गलियों में पावरफुल सीसीटीवी कैमरे लगवाएगा। इसका काम शुरू हो गया है। इसके अलावा पालतू कुत्ते सड़कों पर नहीं घुमाए जा सकेंगे। उन्हें मल-मूत्र कराने की व्यवस्था घर में ही करनी पड़ेगी। सड़कों पर फ्रेश कराया गया तो साढ़े सात हजार रुपए का जुर्माना तो लगेगा ही कुत्ते के मलमूत्र को भी साफ करना पड़ेगा। मेयर ने बताया कि राजधानी में एक भी आवारा कुत्ते नजर नहीं आएंगे। एक समझौता के अनुसार आवारा कुत्तों को पकड़कर बांग्लादेश भेजा जाएगा। खुले में घुमाने वाले गाय-भैंस को पकड़कर निगम खुद की दूध डेयरी चलाएगा।

## हिंदुओं को हलाल का मटन खाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा

**मुंबई,13 मार्च।** होली से पहले महाराष्ट्र में झटका मटन और हलाल मटन को लेकर सियासत गर्म है। हिंदुओं के लिए महाराष्ट्र के मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे ने झटका मटन खिलाने के लिए मल्हार सिस्टम शुरू की है। नीतेश राणे ने ऐलान किया है कि अब मटन के अलग-अलग सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। झटका मटन के लिए हिंदुओं को मल्हार सर्टिफिकेट देगी। इस निर्णय के बाद हिंदुओं को हलाल का मटन खाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। मल्हार सर्टिफिकेशन मुद्दे पर महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने कहा कि हिंदुत्व विचारधारा को मानने वाले कार्यकर्ता एकजुट होकर हिंदू समाज के लिए उनके अधिकारों के लिए मटन का एक अच्छा विकल्प लेकर आए हैं। सालों से यह मजबूर किया गया है कि केवल हलाल मटन ही खाना चाहिए या तो हलाल खाओ, या आपके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि हम इसका एक अच्छा विकल्प लेकर आए हैं। हलाल खाना हिंदू धर्म में नहीं लिखा है, इस्लाम धर्म में लिखा है. इसलिए अगर कोई इस तरह का अच्छा विकल्प लेकर आ रहा है, तो मैं उनका समर्थन करता हूं। मंत्री नितेश राणे ने इस योजना की घोषणा करते हुए हिंदुओं से आग्रह किया कि वे उन दुकानों से मटन न खरीदें, जिनके पास मल्हार सर्टिफिकेट ना हो।

## टैंकर से टकराए वाहन, 7 की मौत

**भोपाल,13 मार्च।** मध्य प्रदेश के धार जिले के बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर बुधवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में करीब सात लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने छह लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की हालत नाजुक बनी हुई है। बदनावर पुलिस थाना प्रभारी अमित कुशवाह ने बताया कि टैंकर गलत दिशा में जा रहा था। उसने पहले एक पिकअप वाहन को टक्कर मारी और फिर उसके पीछे आ रही कार को भी टक्कर मार दी। टैंकर उज्जैन की ओर जा रहा था, जबकि बाकी वाहन विपरीत दिशा से आ रहे थे। अधिकारी ने बताया कि यह घटना रात करीब 11 बजे हुई। उन्होंने बताया कि चार लोग मौके पर ही मारे गए, जबकि बाकी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें बदनावर सिविल अस्पताल भेजा गया। मृतकों की संख्या स्पष्ट नहीं हो पाई क्योंकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है और कहा जा रहा है कि उसकी मौत हो गई, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है. अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया और तीनों की हालत गंभीर है। हालांकि, उन्होंने और जानकारी देने से मना कर दिया, क्योंकि पुलिस टीम वाहनों से घायलों को निकालने और अस्पताल पहुंचाने में लगी थी। अन्य पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार और पिकअप के मलबे में फंसे दो लोगों को बाद में क्रेन की मदद से निकाला गया। उन्होंने यह भी बताया कि टैंकर चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया और पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, मृतक सीतामऊ थाना क्षेत्र के मंदसौर के निवासी थे। वे इंदौर से उज्जैन होते हुए मंदसौर लौट रहे थे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों और मृतकों के शवों को बदनावर सिविल अस्पताल भेजा। सुबह उनका पोस्टमार्टम किया जाएगा। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि पिकअप टैंकर के नीचे फंस गई, जिससे पुलिस के लिए तुरंत पहचान करना मुश्किल हो गया। इसलिए पीड़ितों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, पिकअप में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे को अस्पताल भेजा गया। वहीं, कार में सवार चार में से तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई और एक घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ितों की पहचान और फरार टैंकर चालक का पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है।

## रायपुर में 'स्त्री-2' थीम पर बनी होलिका

**रायपुर,13 मार्च।** राजधानी रायपुर में होली त्योहार की धूम देखने को मिल रही है. बाजारों में रौनक के साथ ही होलिका दहन की तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं. जगह-जगह होलिकाओं का अनोखा अंदाज भी दिख रहा है. इस बार शहर के प्रसिद्ध स्थल में से एक कालीबाड़ी चौक पर 'स्त्री 2' फिल्म की थीम पर आधारित होलिका की मूर्ति आकर्षण का केंद्र बनी हुई है. ÷ओ स्त्री कल आना÷ थीम के साथ मूर्ति के पास फिल्म के प्रसिद्ध कैरेक्टर 'सरकटा' की प्रतिमा भी बनाई गई है, जो लोगों को खासा आकर्षित कर रही है. इस अनोखी मूर्ति को पुजारी मूर्तिकार बंधुओं ने तैयार किया है. इसके साथ ही और भी कई अनोखी होलिका की मूर्तियां तैयार की गई हैं.

होलिका दहन का मुहूर्त आज रात्रि 10.44 बजे के बाद

श्रीजगदुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती आश्रम बोरियाकला के प्रधान दंडी स्वामी एवं ज्योतिषाचार्य ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद ने बताया कि होलिका दहन फाल्गुन शुक्ल चतुर्दशी गुरुवार, 13 मार्च को रात्रि 10-44 बजे के बाद ही करना चाहिए.



## नक्सलियों ने खरीदी लेव्ही के पैसों से ट्राली, जब्त

### ट्राली को रखने वाला नक्सली सहयोगी गिरफ्तार

**मोहला,13 मार्च।** जिले में नक्सलियों की गतिविधियों के लिये सतत् निगाह रखते हुये सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्रों में नक्सलियों एवं उनके सहयोगीयों के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया गया था जिसके परिणामस्वरूप पूर्व में थाना मदनवाड़ा को सुचना के अपराध कमांक 06/2024 धारा 420, 120बी, भादवी एवं विधी विरूद्ध कियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 10,13,17,38(1),40 के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना के पश्चात् एक ट्रेक्टर जप्त किया गया था। उक्त ट्रेक्टर नक्सल गतिविधियों के लिये उपयोग किया जाता था। ट्रेक्टर को पास रख कर उसका उपयोग करने वाले तथा उसके परिवहन से प्राप्त रकम को नक्सलियों तक पंहुचाने वाले 04 नक्सल सहयोगी आरोपीयों एवं एक नक्सली को गिरफतार कर विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र 28/10/2024 को एनआईए कोर्ट राजनांदगांव में प्रस्तुत किया गया । दिनांक 08/11/2024 को थाना मदनवाड़ा के सामने लाल रंग के महेन्द्रा ट्रेक्टर एवं दो चक्के वाली ट्राली संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने पर इस्तगासा कमांक 02/2024 धारा 106 (ए) बीएनएसएस के तहत ट्रेक्टर चालक मोहन गावड़े से जप्त कर जांच में लिया जांच कम में ट्रेक्टर और ट्राली का परिवहन विभाग से पंजीयन दस्तावेज प्राप्त किया गया जिसमें ट्राली का रजिस्ट्रेशन नही होना पाया गया।





बाद आगे की जांच क्रम में गवाहों के कथन एवं चालक के कथन से साक्ष्य मिला कि थाना मदनवाड़ा के पूर्व में पंजीबद्ध अपराध 06/2024 में अभिरक्षा में भेजे गये आरोपी अरविंद तुलावी के पास ही ट्राली रहती थी जिसे मोहन गावड़े स्वयं किराये पर चलाकर प्राप्त रकम को नक्सलीयों के पास पंहुचाया जा रहा था और ट्रेक्टर और ट्राली से प्राप्त रकम को नक्सलीयों के विचारधारा के प्रचार प्रसार के लिये उपयोग किया जा रहा था। और नक्सलियों द्वारा नक्सली विचारधारा के प्रचार प्रसार के लिये आरोपी मोहन गावड़े को एक मोबाईल दिया गया था जिसमें नक्सली विचार धारा से प्रभावित दस्तावेज होना पाया गया जिसे साक्ष्य तौर पर जप्त किया गया। आरोपी मोहन गावड़े पिता मनकेर गावड़े उम्र 34 वर्ष निवासी ईरखबुट्टा थाना पंखजुर जिला कांकेर के द्वारा नक्सलियों का सहयोग करने उनके विचारधारा के प्रचार प्रसार में संलिप्त पाये जाने पर जिला मोहला मानपुर अं0चौकी पुलिस द्वाराथाना मदनवाड़ा के अपराध कमांक 06/2024 धारा 420,120बी, भादवी एवं विधि विरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम की धारा 10,13,17,38(1),40 के अंतर्गत गिरफतार किया गया है, जिसका न्यायायिक रिमाण्ड तैयार कर माननीय एनआईए कोर्ट राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जा रहा है। इस संपुर्ण कार्यवाही में आईटीबीपी के अधिकारी एवं कर्मचारियों की विशिष्ट भूमिका रही।

### गुड़ाखू नहीं देने पर युवक की पिटाई

**खरसिया,13 मार्च।** गुड़ाखू देने से मना करने पर 4 लोगों ने मिलकर 1 युवक की लात-घूसों से पिटाई कर दी। युवक के पसली का हड्डी फ्रैक्चर हो गई। आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

जहां घटना की सूचना पर पुलिस ने अपराध कायम किया है। मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक ग्राम चपले का रहने वाला अरूण कुमार चौहान (38) बुधवार रात अपने घर के पास खड़ा था। तभी गांव का टीकाराम यादव, गोलू यादव, निभाष यादव और रथराम यादव उसके घर के पास आए और गुड़ाखू मांगे।

**एक नजर**

### छात्रा ने घर में खुदकुशी की

**भिलाई, 13 मार्च।** भिलाई रायगढ़ आरटीओ में पदस्थ प्रधान आरक्षक नारद सिंह ठाकुर की बेटी कक्षा नवमी का छात्रा मौली ने घर में फांसी लगा ली पुलिस मौके पर पहुंची और फंदे से उसे नीचे उतारा। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा पुलगांव थाना पुलिस ने बताया कि घटना दरम्यानी रात की है नारद सिंह का घर द्वारिकापुरी में है रायगढ़ आरटीओ में प्रधान आरक्षक है परिवार और बच्चे यही रहते हैं रात में खाना खाने के बाद दोनों बेटिया मौली ठाकुर और तनवीर ठाकुर अपने कमरे में चली गई मौली कक्षा 9 वीं की छात्रा थी। दो तीन दिन से गुमसुम थी मनोचिकित्सक से उसका इलाज चल रहा था पुलिस ने बताया कि दोनों बहने एक ही कमरे में खेई जब उसकी छोटी वहन सो गई तय मौली ने फांसी लगा ली उसने रात सिदी की स्टील रेलिंग में दुपट्टा से फंदा बनाया था परिजन सुबह उठे तो बंटी को फंदे पर लटके देखा

### जहां फैला कचरा उस स्थान का होगा सौन्दर्यीकरण, महापौर ने किया भूमिपूजन

**रिसाली।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा वार्ड 26 में सौन्दर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन की। इस कार्य के लिए 4 लाख 60 हजार स्वीकृत है। इसके अलावा वार्ड 34 में भी सी.सी. रोड बनाने भूमिपूजन किया की।सरस्वती नगर वार्ड 26 में जहां कचरा का ढेर लगा रहता था, उस स्थान का सौन्दर्यीकरण होगा। दरअसल आस पास के नागरिक उस स्थल को डंपिग यार्ड बना लिया था। सर्वे के दौरान मामले का खुलास होते ही शासन ने राशि स्वीकृत की। महापौर शशि सिन्हा ने स्थल सौन्दर्यीकरण करने नारियल तोड़कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर एमआईसी अनिल देशमुख, संजू नेताम, जहीर अब्बास, पार्षद राहुल राय आदि उपस्थित थे। महापौर शशि सिन्हा ने सोमवार को वार्ड 34 पहुंचकर सी.सी. रोड बनाने भूमिपूजन की। इस वार्ड में सी.सी. रोड बनाने 4.60 लाख खर्च की जाएगी।

### आयुक्त ने किया लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल का औचक निरीक्षण



**भिलाई, 13 मार्च।** शासकीय लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेयए जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को लेकर अस्पताल में सफाई व्यवस्थाए मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का निरीक्षण करने पहुंचे। सर्वप्रथम बिना किसी को बताए अस्पताल के सभी वार्डो में जा.जा के अवलोकन किये। मरीजों को शासकीय सुविधाएं प्रदान हो रही है कि नहींए डॉक्टर, नर्स, कम्पाउन्डर, वार्ड बाय आदि की उपस्थिति समय पर रहते हैए कि नहीं सफाई व्यवस्था कैसी है। कुछ विभाग में डॉक्टर उपस्थित रहेए कहीं कहीं पर नहीं पाये गये। सफाई व्यवस्था के बारे में वहां उपस्थित लोगों से बात कियेए जिसको और सुधार करने के लिए निर्देश दिये। इतवारी राम साहू निवासी रामनगर जो अपने परिजन को देखने आया था। उसके द्वारा वहीं पर खाकर रैपर फेंका जा रहा थाए उसे टोकते हुए समझाइश दियेए कि इसे उठाकर डस्टबिन में डालों। जैसे अपने घर को साफरखते होए वैसे ही अस्पताल को साफरखे। कचरा इधर.उधर न फेंकेए उसे डस्टबिन में ही डालें। ओपीडी में जाकर डॉक्टर से संपर्क कियेए उनसे पूछा गया कितने मरीज लोग प्राथमिक रूप से इलाज के लिए आते हैं। डाक्टर ने बताया कि 150 से 200 के बीच में प्रतिदिन इलाज के लिए लोग हमारे ओपीडी में आते हैं। रोटरी क्लब द्वारा महिलाओ के सुविधा के लिए पिंक टॉयलेट का भी निर्माण करने का प्रपोजल आया हैए उसके लिए भी जगह का निरीक्षण किये। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को निर्देश दिये कि उपयुक्त जगह जो अस्पताल में आने वाले महिला मरीजों एवं आगन्तुक के लिए उपयोगी होए किसी प्रकार का विवादित न होए बनाकर प्रस्तुत करने को कहे। रोटरी क्लब द्वारा स्वयं के व्यय से टायलेट बनाया जायेगा। जगह निगम भिलाई को देना है।

### प्लेसमेंट कैम्प में 25 आवेदकों का प्रारंभिक चयन

**दुर्ग, 13 मार्च ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 12 मार्च 2025 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया था। इस प्लेसमेंट कैम्प में दो नियोजक टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्युशन प्रा.लि. एवं जुबिलेंट फूड वर्क्स (डॉमिनोज पिज्जा) दुर्ग कुल 170 रिक्तियों के साथ उपस्थित हुए।

# होली पर कवियों ने हास्य,व्यंग्य की बिखेरी छटा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 13 मार्च।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडाए सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग तथा राजभाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान मेंए होली के अवसर पर सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में 11 मार्च को संध्याकाल अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। दर्शकों से खचाखच भरे कला मंदिर के आयोजन में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित और चर्चित कविगण ने अपनी काव्य प्रतिभा से हास्य.व्यंग्य की छटा बिखेर कर इस संध्या को स्मरणीय बना दिया। कवि सम्मेलन में कार्यपालक निदेशक बी के गिरीए कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमारए मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुरए मुख्य महाप्रबंधक उन्मेश भारद्वाजए मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेयए मुख्य महाप्रबंधक ए के दत्ता सहित संयंत्र के महाप्रबंधकगणए वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी गण तथा इस्पात नगरी भिलाई के सदस्य भारी संख्या में उपस्थित थे। कवि सम्मेलन के पूर्व उपस्थित अतिथियों ने चारों कवियों का सम्मान किया। सम्मेलन के प्रारंभ में छत्तीसग? के ख्याति प्राप्त कविए पद्मश्री सम्मानित सुरेन्द्र दुबे ने आमंत्रित कविगण का परिचय देते हुए अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। अपने मुखर गीतों और हास्य की बानगी के लिए प्रसिद्ध कवयित्री श्रीमती श्वेता सिंह ने अपने हास्य.व्यंग्य व संवेदी कविताओं की छठा बिखेरकर इस्पात बिरादरी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कवि सम्मेलन को नई दिशा देते हुए प्रयागराज के बहुचर्चित हास्य व्यंग्य कवि शलेष गौतम ने समकालीन परिदृश्यों पर अपने तीखे और धारदार व्यंग्य तथा हास्य प्रसंगों से संध्या को सराबोर कर दिया। इसी क?ी में मुंबई के हास्य व्यंग्य कवि रोहित शर्मा अपने निराले अंदाज में जीवन मूल्यों पर आधारित व्यंग्यों की प्रस्तुति देकर जनवृन्द को खूब गुदगुदाया। होली के पावन पर्व पर भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग और क्री?ाए सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित हास्य व्यंग्य से भरी इस संध्या का भिलाई नगर परिधि के सुधि श्रोताओं ने भरपूर आनंद उठाया। कवि सम्मेलन में दर्शकगण भारी संख्या में उपस्थित थे। कवि सम्मेलन का संचालन सुप्रियो सेन ने किया।

## देवचरण कौशल ग्राम पंचायत पतोरा के उपसरपंच बने



**उतई, 13 मार्च।** ग्राम पंचायत पतोरा देवचरण कौशल उपसरपंच पद पर जीत हासिल कर अपनी लोकप्रियता साबित की है। शिक्षित, सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे पूर्व में जनपद सदस्य दो बार के पंच, अभी उपसरपंच जीत हासिल कर गांव वासियों की पसंद बने है। देवचरण कौशल ने जीत के बाद सभी मतदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा की तरह गांव के विकास और जनसेवा के लिए तत्पर रहेंगे। उनका कहना है कि वे ग्रामीणों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगे। गांव की मूलभूत सुविधाओं को जल्द पूरा करने पर कार्य करेंगे। बधाई देने वालों में ग्राम पंचायत पतोरा सरपंच भुनेश्वर साहू , राजेंद्र वर्मा, राजीव साहू, जगत पाल श्रीवास, ओमप्रकाश साहु बंशी साहू ओमप्रकाश बंजारे, द्वारिका वर्मा, लिलेश श्रीवास पुरुषोत्तम कुर्रे, संदीप ठाकुर ओमप्रकाश वर्मा, गोरेलाल श्रीवास, फामेश साहू,नागेस्वर साहू मदन गेसरा,राधे साहू, सनत वर्मा,मुकेश ठाकुर, पुसऊ राम साहू,मेहतर सिंग, केशव कुर्रे ,विष्णु साहू, चतुर सिंह,मन्नू चतुर्वेदी , विजय कुर्रे, जग्गाराम , महेंद्र गजपाल, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित सरपंच,उपसरपंच एवं पंचगणों का आत्मीय स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 13 मार्च।** शासकीय प्राथमिक शाला चुनकट्टा में प्रधान पाठक, शिक्षक एवं एसएमसी सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच और पंचगणों का साल, श्रीफल और पुष्प गुच्छ के माध्यम से स्वागत किया गया जिसमें सरपंच रोशनी सोनू राय एवं उपसरपंच अजय सिंह राजपूत ने शाला की विकास में हर संभव सहायता करने की बात कही और शिक्षकों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया। जनप्रतिनिधियों ने शिक्षकों और रसोइयों को साड़ी देकर सम्मानित किया एवं बच्चों को मिठाई वितरित किया ।प्रधान पाठक श्रीमती धनेश्वरी बंजारे ने स्कूल की बेहतर विकास और बच्चों को शाला से जोड़कर रखने के लिए जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद और कृतज्ञता जाहिर की।इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष नरसिंह साहू, समाज सेवक सोनू राय, विधायक प्रतिनिधि राधेलाल सोनवानी, मिथलेश बंजारे, छत्रपाल सिंह राजपूत, रजनी ठाकुर ,रूपेश ठाकुर ,हेमा जोशी , सुरुज बाई बंजारे, राजेंद्र बंजारे, माया जोशी, नीतू कोसले, अरुण जांगड़े, दसमत बंजारे, रीना मानिकपुरी, आशा सिंह राजपूत, आरती कोसले , सरस्वती वर्मा, कविता देवांगन,राधिका साहू, सुधरा सोनवानी आदि उपस्थित रहे।

## रानीतराई के मेडिकल छात्र वर्णन चंद्रवशी ने किया एमडी में टॉप,अंचलवासियों ने दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,13 मार्च।** रानीतराई निवासी विनयकांत चंद्रवंशी ,माता श्रीमती नंदनी चंद्रवशी के सुपुत्र डॉक्टर वर्णन चंद्रवाशी ने एम बी बी एस रायपुर एम्स से प्रवीण सूची में उत्तीर्ण होने के बाद एम डी मेडिसिन को गोल्ड मेडलिस्ट के साथ महात्मागांधी शासकीय मेडिकल महाविद्यालय इंदौर से उत्तीर्ण किया है ।

रानीतराई नगर में प्रथम होनहार छात्र है जो नगर सहित अंचल का नाम रोशन करते एम डी मेडिकल की डिग्री प्रवीणसूची गोल्ड मेडलिस्ट के साथ लिए है । प्रारंभिक छात्र जीवन से ही होनहार छात्र रहे डॉक्टर वर्णन चंद्रवशी का मूल निवास रानीतराई है लेकिन स्कूल की पूरी पढ़ाई दुर्ग भिलाई से पूरा करने के बाद रायपुर एम्स से एम बी बी एस की डिग्री लिए है । डॉक्टर वर्णन चंद्रवशी के परिवार में डाक्टरी पेशा में रहकर वर्षो से अंचल में सेवा देते आरहे है ,इनके दादा स्वर्गीय छन्नूलाल चंद्रवशी भी डाक्टर थे ,बड़े पापा नीलकांत चंद्रवंशी भी डाक्टर है अब स्वयं वर्णन चंद्रवशी डाक्टर बनकर अपने परिवार के संस्कार और सेवाभाव को आगे बढ़ाने में लगे है ।डॉक्टर वर्णन चंद्रवशी ने कहा कि ये सफलता मेरा एक अकेले का नहीं है ये ऊंचाई ये डिग्री मेरे माता पिता के त्याग तपस्या और बड़े के आशीर्वाद का ही प्रतिफल है जो मैं आज हासिल कर पाया हु मैं हमेशा अपने पेशे के साथ ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनता का सेवा निस्वार्थमन से करता रहूंगा और अपने गांव ,अपने माता पिता परिवार का नाम रोशन करते रहूंगा डॉक्टर वर्णन चंद्रवशी के इस सफलता पर पिता विनयकांत चंद्रवंशी, माता श्रीमती नंदनी चंद्रवशी, बड़े पापा नीलकांत चंद्रवंशी सहित रानीतराई पूर्व सरपंच निर्मल जैन, भाजपा नेता धनराज साहू , कांग्रेस नेता भेद प्रकाश वर्मा ,जनपद सदस्य श्रीमती रश्मि भेद वर्मा , सरपंच सत्यनारायण टिकरिया, डा यशवंत साव, महेंद साहू , सहित अनेकों स्नेहीजनों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए है।

### अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को सीईओ ने दिलाई शपथ

**दुर्ग, 13 मार्च ।** जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्य नवनिर्वाचित होने बाद जिला पंचायत में प्रथम सम्मिलन आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग दुबे एवं उपसंचालक श्रीमती काव्या जैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का स्वागत किया।दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री ललित चंद्राकर की मौजूदगी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग दुबे ने नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे, उपाध्यक्ष श्री पवन शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद जिला पंचायत के सदस्य जिसमें श्री दानेश्वर दालू साहू, श्रीमती उषा सोनवानी, श्री जितेन्द्र यादव, सुश्री प्रिया ठाकुर ने शपथ ली।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोपली में विदाई एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 13 मार्च।** शासकीय पूर्व माध्यमिक खोपली में विदाई एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुरुआत मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई इसके बाद छात्रों ने अपने विद्यालय जीवन में यादगार अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने गीत ,नृत्य और विभिन्न प्रकार के प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। अंत में छात्रों को आशीर्वाद स्वरुप पानी बोतल और पेन भेंट किए गए।इस कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन कक्षा सातवीं और छठवीं के बच्चों के द्वारा मिलकर किया गया।इस अवसर पर निवर्तमान प्रधान पाठक हरिश्चंद्र देवांगन, छबिलाल रघुवंशी, वर्तमान प्रधान पाठक सुंदरलाल देवांगन, कुमार साहू, शिक्षक लोकेश साहू, मनीष साहू, गिरीश साहू, दीपक साहू , नीधि गेडाम, रामती पाटिल,भुनेश्वरी देवांगन रानू यादव आदि उपस्थित थे।

## महिला श्रमिकों के लिए महिला दिवस का आयोजन



**भिलाई, 13 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संयंत्र में कार्यरत महिला ठेका श्रमिकों हेतु अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन 12 मार्च को मानव संसाधन विकास केन्द्र में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यपालक निदेशक की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के कौशल और समर्पण को सम्मानित करना तथा महिलाओं को सशक्त बनने प्रोत्साहित करना और उत्थान के लिए प्रयास करना था। कार्यक्रम में 120 महिला ठेका श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांतए मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर तथा महाप्रबंधक सूरज कुमार सोनी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने आप में सक्षम हैं और आपको किसी से अपनी तुलना करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारे समाज का अभिन्न अंग हैंए हर क्षेत्र में महिलाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा अपनी प्रतिभा और मेहनत से एक अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम में कार्यस्थल पर सुरक्षा पर केन्द्रित सत्र का आयोजन महाप्रबंधक श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस द्वारा किया गया। श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस ने महिला श्रमिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यस्थल पर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके उपरांतए महिला श्रमिकों हेतु विभिन्न रोचक गेम्स और मनोरंजक क्विज का आयोजन किया गयाए जिसके विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक ;जनसंपर्क श्रीमती अपर्णा चंद्राए वरिष्ठ प्रबंधक श्रीमती प्रियंका मीना और उप प्रबंधक सुश्री शालिनी चौरसिया द्वारा किया गया।

## विधायक की पहल पर सड़क निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपये स्वीकृत



**भिलाई,13 मार्च।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रयास से नगर पालिक निगम भिलाई के जुनवानी से भिलाई तक 3 किलोमीटर तक सड़क निर्माण कर इस मार्ग के सौंदर्यीकरण के लिए 25 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरोत्थान योजना में प्रस्तावित इस कार्य के लिए निगम भिलाई आयुक्त से डीपीआर प्रस्तुत करने कहा है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि राज्य शासन के बजट वर्ष 2025.26 में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग हेतु नवीन परियोजना अंतर्गत नगरोत्थान योजना में वैशाली नगर विधानसभा में इस कार्य के लिए 25 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। इस राशि से नगर पालिक निगम भिलाई के जोन.1 नेहरू नगर अंतर्गत जुनवानी पेट्रोल पंप से भिलाई पहुंच मार्ग तक नहर में ह्यूज पाइप डालकर 3 किलोमीटर तक सड़क निर्माण होगा और सड़क के दोनों ओर सौंदर्यीकरण भी किया जाना है। तीन किलोमीटर तक इस सड़क के निर्माण से जुनवानी से भिलाई तक व्यवस्थित पहुंच मार्ग होने से लोगों को सुविधा होगी तथा उन्हें अन्य मार्ग से होकर घूमते हुए अतिरिक्त दूरी अब नहीं तय करनी पड़ेगी। सड़क निर्माण के साथ ही नहर में ह्यूज पाईप डाल कर उसे भी व्यवस्थित किया जाएगा। निर्माण कार्य का विस्तृत प्रोजेक्ट तैयार कर भिलाई निगम जल्द डीपीआर प्रस्तुत करेगा ताकि निर्माण कार्य प्रारंभ हो सके।

## चंगोरी स्कूल में स्मार्ट क्लास का जिला शिक्षा अधिकारी ने किया उद्घाटन



**पाटन, 13 मार्च।** शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी संकुल केंद्र बठेना विकासखंड पाटन जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ मे सम्मान समारोह ,वार्षिक उत्सव , कक्षा पांचवी के बच्चों की विदाई कार्यक्रम, एवं नि÷ शुल्क स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के प्रधान पाठक श्री विरेंद्र कुमार साहू ने बताया की सामुदायिक सहभागिता से विद्यालय का संवर्धन किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्री अरविंद मिश्रा जी जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रजनी कुर्रे सरपंच, विशिष्ट अतिथि श्री प्रदीप महिलागे विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाटन, विशेष अतिथि श्री सुरेंद्र पांडे जी समग्र शिक्षा जिला मिशन समन्वयक, श्री विवेक शर्मा जी समग्र शिक्षा सहायक जिला मिशन समन्वयक, श्री खिलावन चौपड़िया विकासखंड स्रोत समन्वयक, हरिश्चन्द्र सुकतेल संकुल प्राचार्य, सभी अतिथि सरस्वती माता में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत एवं संस्था के प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू के द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। प्रधान पाठक ने बताया कि विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता से विभिन्न तरह की कार्य किए गए हैं मां सरस्वती मंदिर निर्माण, स्मार्ट क्लास की स्थापना, माइक सेट, सीसीटीवी कैमरा, कीचन गार्डन निर्माण, दरी, सीलिंग फैन, दीवाल घड़ी, खेल सामग्री इत्यादि। प्रधान पाठक ने कहा कि बच्चों की गुणवत्ता, नई शिक्षा नीति की उद्देश्यों एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों एवं अलग-अलग टूल्स कहानी उत्सव, व्यायाम खेलकूद स्वच्छता, नैतिक शिक्षा, संगीत, कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा ,के द्वारा बच्चों का अध्ययन अध्यापन कराया जा रहा है, बच्चों की अच्छी गुणवत्ता नई नई तरीके से अध्यापन कराने के लिए प्रधान पाठक को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित हो चुका है। विद्यालय में पुराने सामग्रियों की संरक्षण संवर्धन हेतु संग्रहालय की परिकल्पना भी की जा रही है, विद्यालय के होनहार बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सभी बच्चों,दानदाताओं, स्वच्छता दीदी एवं उल्लास कार्यक्रम की प्रेरक शिक्षक को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधान पाठक एवं एसएमसी अध्यक्ष श्री चेतन वर्मा ने बताया कि विद्यालय में मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल की डॉक्टरों के द्वारा नि÷ शुल्क स्वास्थ्य शिविर परीक्षण कर लोगों का उपचार किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे के द्वारा विद्यालय के बच्चों को न्योता भोज भी कराया गया। राष्ट्रपति पदक से सम्मानित श्री परसराम साहू के द्वारा विभिन्न प्रकार की संग्रहित पत्थरों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की संचालन श्री मोहित शर्मा शिक्षक एवं विरेंद्र कुमार साहू प्रधान पाठक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विरेंद्र कुमार सुश्री योगेश्वरी वर्मा,दीपिका बंदे, भानुमति कुर्रे, डॉ गोपा शर्मा,राजाराम, भास्कर सावर्णी, योगेश वर्मा,संकुल समन्वय कौशल टिकरिया, एसएमसी अध्यक्ष चेतन वर्मा सदस्य गण, ललिता कोसरिया,आंगनबाड़ी मैडम, पूर्व सरपंच श्रीमती यामिनी शेखर वर्मा, नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती रजनी रामकुमार कुर्रे एवं पचगण, श्रीमती माधुरी मांडवी उपसरपंच, श्रीमती सीता निषाद जनपद सदस्य, रचना वर्मा, पुष्पलता साहू, यामिनी यादव,खेमिन साहू,कमलेश्वरी बंदे रोजगार सहायिका, ग्राम की मितानिन दीदी, झामुलाल मारकंडे, नानहु प्रसाद कोटवार, आसपास की स्कूलों के शिक्षक गण, स्वच्छता दीदी, पालकों एवं बच्चों की उपस्थिति रही।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**भिलाई, 13 मार्च।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन श्रीमती कविता मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सुष्मिता डे तथा अतिथि वक्ता के रूप में जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र की मुख्य सलाहकार ;प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञद्ध डॉ निशा ठाकुर उपस्थित थीं। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्तीए मुख्य महाप्रबंधक पी सुब्बारावए मुख्य महाप्रबंधक के सी मिश्रा सहित एण्केण् मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्रीमती कविता मिश्रा ने महिला शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन मिलने पर महिलाएं समाज में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती हैं। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुष्मिता डे ने महिलाओं की रचनात्मकता और उनकी क्षमताओं पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत अतिथि वक्ता डॉ निशा ठाकुर ने महिला स्वास्थ्य पर उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है जब वहाँ की महिलाओं को समान अधिकार और अवसर मिले। कार्यक्रम के प्रारंभ में सुश्री श्रेया सेनगुप्ता जैन और सुश्री प्रभा नायर द्वारा रोचक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 70 महिला कर्मचारियों ने अपनी प्रतिभागिता दी। इस आयोजन को सफल बनाने में महाप्रबंधक प्रभारी श्रीमती प्रीति भटनागर तथा सहायक महाप्रबंधक श्रीमती मंजू शुक्ला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक श्रीमती यामिनी ताम्रकार ने किया।



### शाकंभरी महोत्सव में महिलाओं का सम्मान

**उतई।** शाकंभरी महोत्सव मर्रा में पटेल मरार समाज द्वारा महिलाओं का सम्मान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर फल एवम् साल भेंट कर नवनिर्वाचित महिला सरपंच,महिला पंच एवं छात्राओ का सम्मान किया गया। योगिता पटेल, रानी पटेल संगीता पटेल हेमलता पटेल भुवनेश्वरी पटेल गीता पटेल पिंकी पटेल रीना पटेल जानकी पटेल आदि उपस्थित रही।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना से बिजली की हो रही बचतःचावडा

**राजनांदगांव 13 मार्च।** भारत सरकार द्वारा शहरी एवं ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट



स्थापित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट हितग्राहियों के घरों में संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। राजनांदगांव शहर के अनुपम नगर निवासी श्री रमेश एम चावडा ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना 1 लाख 90 हजार रूपए की लागत से 3 किलोवाट का रूफटॉप सोलर प्लांट लगाया है, जिसमें शासन की ओर से 78 हजार रूपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि केन्द्र सरकार की यह योजना बहुत अच्छी योजना है और इससे बिजली की बचत हो रही है। इसके साथ ही सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है तथा पर्यावरण की रक्षा हो रही है। सौर ऊर्जा के उपयोग से विद्युत ऊर्जा पर निर्भरता में कमी आयी है, जिससे बिजली के बिल भुगतान में कमी आयी है।

### पीपराहीभर्री में बना मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र, कलेक्टर ने नन्हें-मुन्ने बच्चों से की बातचीत

**धमतरी 13 मार्च।** वनांचल नगरी के ग्राम पीपराहीभर्री में मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र आकर्षण का केन्द्र है। यहां विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग के नन्हें-मुन्ने बच्चे खेल-कूद, पढ़ाई इत्यादि कर रहे हैं। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज अपने नगरी प्रवास के दौरान पीपराहीभर्री के मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से भवन निर्माण की लागत, बच्चों को मिलने वाली भोजन की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि यह भवन 11.69 लाख रूपये की लागत से बनाया गया है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी के बच्चों को गरम पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने, बच्चों की कुपोषण स्तर को जांचने, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने आदि के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### मसानडबरा में निर्माणाधीन कालोनी का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**धमतरी 13 मार्च।** जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग कमार हितग्राहियों को मुख्य धारा से जोड़ने और उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत कमार परिवारों को आवास भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा आज नगरी प्रवास के दौरान मसानडबरा पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कमार परिवारों के लिए मसानडबरा में बन रहे 29 आवासीय कालोनी का अवलोकन किया। इस मौके पर कलेक्टर ने कमार परिवारों से बातचीत कर बच्चों के स्कूल, भोजन, उनके रोजमर्रा के काम, गांव की समस्याओं आदि के बारे में पूछा। महिलाओं ने बताया कि वे तेन्दूपत्ता संग्रहण, महुआ बिनई आदि काम करतीं हैं। कलेक्टर के गांव की समस्या पूछने पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की समस्या रहती है और वे दूर-दूर से झरिया का पानी लाते हैं। कलेक्टर ने ग्रामीणों की पानी की समस्या दूर करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए किए जा रहे आवश्यक जतन

**राजनांदगांव 13 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा बच्चों के शिक्षा के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए अभिभावकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो इसके लिए आवश्यक जतन किए गए हैं। शासन द्वारा बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से लोक व्यापीकरण एवं कमजोर वर्ग तथा वंचित समूह के बच्चों के साथ ही सभी विद्यार्थियों को निर्बाध शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निःशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया जा रहा है।

# भारत माला परियोजना में भ्रष्टाचार की ईओडब्ल्यू से जांच कराने का निर्णय

- छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 13 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद ने राज्य में नक्सल समस्या के समाधान के लिए ठोस पहल करते हुए छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति-2023 के स्थान पर छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति-2025 को मंजूरी प्रदान की है। इस नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को आर्थिक सहायता, पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री ने 27 फरवरी को फिल्म ''छावा'' को राज्य में टैक्स फ्री करने की घोषणा की थी। मंत्रिपरिषद द्वारा मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुपालन में फिल्म छावा के प्रदर्शन पर प्रवेश हेतु देय राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति किए जाने का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और वैज्ञानिक योजना तैयार करने के लिए राज्य जल सूचना केन्द्र (SWIC) का गठन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने की सहमति प्रदान की गई। स्टेट वाटर इंफॉर्मेशन सेंटर वर्षा, नदी और जलाशयों के स्तर, भूजल गुणवत्ता, गाद, नहरों में जल प्रवाह, फसल कवरेज, जलभृत मानचित्रण, भूमि और मिट्टी के डेटा सहित जल संसाधन संबंधी विभिन्न सूचनाओं का संग्रह, विश्लेषण और भंडारण करेगा। मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ में भारत माला परियोजना के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार की प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच ईओडब्ल्यू के माध्यम से जांच कराने का निर्णय लिया है।

विकसित डिजिटल प्लेटफार्म की सहायता से जल संसाधन प्रबंधन के लिए प्रमाणिक डेटा उपलब्ध कराएगा।

इससे नीति निर्माण, रणनीतिक निर्णय, मॉडलिंग, विश्लेषणात्मक उपकरणों के विकास और जल प्रबंधन को मजबूती मिलेगी। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के जल संसाधन विभाग के 09 बॉधों के सुधार कार्यों के लिए 522.22 करोड़ रूपए भारत सरकार के माध्यम से ऋण स्वीकृति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। इनमें मनियारी टैंक, घोंघा टैंक, दुधावा, किंकारी, सोंढूर, मूरूमसिल्ली (भाग-2), रविशंकर सागर परियोजना (भाग-2), न्यूज रूद्री बैराज और पेण्ड्रावन टैंक शामिल हैं। यह योजना आईआईएम रायपुर और ट्रांसफार्मिंग रूरल इंडिया फाउण्डेशन नई दिल्ली के सहयोग से सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा संचालित की जाएगी।

# कमार समाज का भवन नॉलेज सेंटर के रूप में विकसित होगाः कलेक्टर

- समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक धरोहरों की जानकारी मिलेगी
- शासकीय योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ लेने की भी व्यवस्था होगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी 13 मार्च।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा आज नगरी में नवनिर्मित कमार समाज भवन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कमार समाज के प्रमुखों से चर्चा की और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने एवं उनके जीवन में बदलाव लाने की बात कही। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कमार समाज भवन को नॉलेज सेंटर के अनुरूप विकसित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस भवन में कमार समाज के लोगों की सामाजिक, सांस्कृतिक पहचानों से लेकर उनके जीवन आधारित उपयोग की जाने वाली सामग्री, देवी-देवता, वेशभूषा, औजार, निर्मित सामग्री आदि को केन्द्रीत करते हुए चित्रों और भौतिक सामग्रियों को रखा जायेगा, ताकि अन्य लोगों को भी इस समाज की विस्तृत सांस्कृतिक विरासत, जीवन शैली, खान-पान की जानकारी मिल सके। इसके साथ ही कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि भवन में कमार जनजाति के लोगों के लिए एक कॉल सेंटर की भी व्यवस्था की जाये, ताकि यहां से उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी मिल सके और उन्हें उसका लाभ लेने के लिए भी प्रशासकीय मदद मिल सके। कलेक्टर श्री मिश्रा से चर्चा करते हुए कमार समाज के ब्रांड एम्बेसेडर श्री सरोज नेताम ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा पहले हमारा समाज पिछड़ा हुआ था, जहां शासन की योजनाएं नहीं पहुंच पाती थी।

# शांतिपूर्ण होली के लिए अपराधियों हुड़दंगियों पर प्रभावी कार्रवाई की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 13 मार्च।** होली का त्यौहार शांति पूर्वक मनाया जाए की अपील के साथ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु एवं अगामी होली त्यौहार में शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। इसी अभियान के तहत शहर में शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित होने की अंदेशा पर 03 आदतन बादमश के विरूद्ध धारा-170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। जिसमें प्रतिबंधित किये गये आदतन बदमाश उमेश पाण्डे पिता माधव प्रसाद पाण्डे उम्र- 23 साल निवासी वार्ड न0- 02 दंतेश्वरी पारा डोंगरगढ़ सुमित घरडे पिता रमेश घरडे उम्र- 27 साल साकिन वार्ड 20 भुरवाटोला, डोंगरगढ़ प्रिंस निषाद पिता रामचंद निषाद उम्र- 24 साल निवासी कश्मीरीपारा वार्ड न0- 24 लेड़ीजोब रोड डोंगरगढ़ के ऊपर कार्यवाही किया गया।

# इंदिरा नगर में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 13 मार्च।** मंगलवार को नगर के इंदिरा नगर वार्ड नंबर 5 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम अशिक्षित एरिया लेवल फेडरेशन के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड की महिला पार्षद श्रीमती प्रीति चमन समुद्रें ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने महिला दिवस को यादगार बनाने के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की। महिलाओं ने खुलकर डांस भी किया। अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने पर महिलाओं में खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती समुद्रें ने कहा कि महिलाओं को आगे आकर सामाजिक कार्यों में भाग लेना चाहिए उन्होंने कहा कि अब महिला अछूती नहीं है अब तो अंतरिक्ष में भी महिलाओं का बोलबाला है इसलिए अब हीन भावना से ऊपर उठकर महिलाओं को समाज के निर्माण की भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। संस्था के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आयोजन के लिए शुभकामनाएं भी उन्होंने दी और महिलाओं के उत्थान के लिए आगे जाकर कार्य करने का आवाहन भी किया। बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। उन्होंने महिलाओं के उत्थान के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

## कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरी का किया निरीक्षण

**धमतरी, 13 मार्च।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज नगरी पहुंचकर वहां संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अस्पताल में भर्ती मरीज से बातचीत करते हुए उनका हाल जाना। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अस्पताल में आने वाले मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं, कुल ओपीडी, मरीजों को दिये जाने वाले भोजन, चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों की संख्या, ऑपरेशन की सुविधा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इस बात का ध्यान अधिकारी रखें। कलेक्टर ने अस्पताल में मरीजों की दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सही रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने अस्पताल में संचालित पोषण पुर्नवास केन्द्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती बच्चे की माता जोहतरीन बाई से चर्चा करते हुए भोजन की गुणवत्ता पूछी।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जन-जल जागरूकता अभियान चलाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 13 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा महिलाओं को जल संसाधनों के महत्व एवं उसके प्रति जागरूक करने तथा महिला शक्ति से जल शक्ति के सिद्धांत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पनेका एवं फरहद में महिला जन-जल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने जल संरक्षण एवं स्वच्छता पर महत्वपूर्ण चर्चा की। जल जीवन मिशन अंतर्गत जल सभा में जल बहिनियों को समय-समय पर पानी की जांच करने, जल को स्वच्छ रखने के विभिन्न उपायों के बारे में बताया गया। अभियान के तहत महिलाओं को जल संरक्षण एवं जल संकट के समाधान में सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु तैयार किया गया। जल का संरक्षण आने वाले पीढ़ियों के लिए करने का संदेश दिया गया।

## भूमिगत जल का सिर्फ पेयजल के लिए उपयोग सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# ग्रीष्म ऋतु में होनी चाहिए सतत पेयजल आपूर्तिः कलेक्टर

- ग्रीष्म ऋतु के दौरान ट्यूबवेल से पानी लेकर सिंचाई करने से भू-जल स्तर में आ रही कमी
- ग्रीष्म ऋतु में धान की फसल से भू-जल स्तर जा रहा नीचे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 मार्च।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की सतत आपूर्ति के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी मैदानी अमले एसडीओ, उप अभियंता, हैण्डपंप तकनीशियनों की बैठक ली। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल के संबंध में जानकारी ली तथा पेयजल की सतत आपूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मैदानी अमले को अलर्ट रहकर जिम्मेदारी के साथ बहुत अच्छा कार्य करने कहा। उन्होंने बिना अनुमति से लोक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को अवकाश पर प्रतिबंध लगाया है। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार





भू-जल स्तर नीचे जा रहा है, जिससे पानी की समस्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पानी के महत्व को बताते हुए जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने की जरूरत है तथा किसानों को कम पानी उपयोग वाली फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करें तथा अधिक से अधिक पौधरोपण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान ट्यूबवेल से पानी लेकर सिंचाई करने से भू-जल स्तर में बहुत कमी आ रही है, इसके लिए ग्रामीणों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण का कार्य अभियान की तरह करना होगा, तभी आने वाली पीढ़ी को पानी की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। जिससे ग्रीष्म ऋतु में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके लिए चिन्हांकित ग्रामों में जल समस्या समाधान शिविर, जल संगोष्ठी, फसल चक्र परिवर्तन, वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने भूमिगत जल को सिर्फ पेयजल के लिए उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए भू-जल के रिचार्ज हेतु जनसहयोग से 1000 इंजेक्शन वेल मशीनों का उपयोग ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। इसकी तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में बोरवेल के माध्यम से भू-जल का अत्यधिक दोहन किए जाने के कारण जल संकट की स्थिति बन रही है। इसे दूर करने के लिए सबकी सहभागिता आवश्यक है। कलेक्टर ने सभी मैदानी अमले को जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत से निरंतर संपर्क रखने के निर्देश दिए। इसके लिए व्हाट्सअप ग्रुप भी बनाने कहा। उन्होंने टोल फ्री 18002330008 नंबर में शिकायत प्राप्त होने पर यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## समाचार संक्षेप

### होली पर बिहार जाने व आने वाले यात्रियों को सुविधा देने रेलवे चला रहा विशेष ट्रेन

**डोंगरगढ़, 13 मार्च।** होली पर्व पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा होली विशेष ट्रेन चलाई जा रही है यह ट्रेन सीमित फेरे में संचालित होगी। सीनियर डीसीएम नागपुर मंडल ने



- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की पहल प्रसंसनीय

बताया कि गोंदिया डोंगरगढ़ राजनांदगांव के लिए 12 मार्च बुधवार को गोंदिया से प्रातः 11 बजे ट्रेन राजनांदगांव होकर पटना के लिए प्रस्थान करेगी जो डोंगरगढ़ 12.15 में पहुंचकर राजनंदगांव 12.40 तक पहुंचेगी यह ट्रेन अगले दिन पटना बिहार प्रातः 11 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार दूसरी ट्रेन 12 मार्च को ही गोंदिया से शाम 5 बजे प्रस्थान करेगी जो डोंगरगढ़ शाम 6:15 को तथा राजनंदगांव शाम 6:40 को पहुंचेगी। यह ट्रेन अगले दिन शाम 7 बजे छपरा बिहार पहुंचेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा से अन्य ट्रेन 13 मार्च को छपरा बिहार से रात्रि 10:15 बजे प्रस्थान करेगी जो 14 मार्च को रात्रि 9:15 बजे राजनंदगांव रात्रि 10:10 बजे डोंगरगढ़ तथा रात्रि 11:45 बजे गोंदिया पहुंचेगी। इसी प्रकार रेलवे द्वारा गोंदिया बालाघाट नैनपुर से रक्सौल के लिए तथा चरलापल्ली के लिए भी ट्रेन चलाई जा रही है रेल अधिकारियों ने होली के दौरान होने वाली भीड़ को देखते हुए यह अतिरिक्त सुविधा दी है दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के इस निर्णय की प्रशंसा की जा रही है।

### सीजीपीएससी प्रीलिम्स 2024 का रिजल्ट जारी

**रायपुर, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा प्रीलिम्स परीक्षा 2024 का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा के माध्यम से डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, आबकारी सब इंस्पेक्टर समेत 17 सेवाओं के 246 पदों पर भर्ती की जाएगी। परीक्षा 9 फरवरी 2025 को दो पालियों में आयोजित हुई थी। जारी परिणाम के अनुसार, कुल 3737 अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा (मेंस) के लिए क्वालीफाई किया है। बता दें कि इस भर्ती प्रक्रिया में 246 पदों में से सर्वाधिक 90 पद आबकारी सब इंस्पेक्टर के हैं। वहीं, डिप्टी कलेक्टर के 7 और डीएसपी के 21 पद शामिल हैं। पिछले साल डीएसपी का कोई पद नहीं था, लेकिन इस बार आयोग ने 21 पदों पर भर्ती के लिए वैकेंसी निकाली है।

- 3737 अभ्यर्थियों ने मेंस के लिए किया क्वालीफाई

**मेंस परीक्षा की तिथि घोषित**-प्रीलिम्स परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थी अब मुख्य परीक्षा (मेंस) में शामिल होंगे। आयोग ने मेंस परीक्षा की तिथि 26, 27, 28 और 29 जून 2025 निर्धारित की है। चयनित उम्मीदवारों को मेंस परीक्षा के लिए अलग से आवेदन करना होगा, जिसके संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी होगी।

### ग्रीष्मकालीन धान से जलसंकट गहराया

**डोंगरगढ़, 13 मार्च।** डोंगरगढ़ विकासखंड में कृषकों द्वारा ग्रीष्मकालीन धान की खेती भारी मात्रा में की जा रही है धान का रेट 3100 रूपये होने के बाद अब किसानों का रुझान धान की दोफसली फसल की ओर ज्यादा है । क्षेत्र के बरनारा कला पनियाजोब बोरतलाब आदिवासी अंचल सहित अन्य क्षेत्र में भी कृषक अपने खेत में गेहूं चना के स्थान पर धान की फसल बो रहे हैं और खेत मे पानी पलाने के लिए हैंडपंप के द्वारा धान के खेतों में लगातार 24 घंटे हैंडपंप चलाकर सिंचाई की जा रही है जिस कारण भूजल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है। प्रशासन द्वारा इस संबंध में पहले भी किसानों को धान के अलावा अन्य फसल लगाने की सलाह दी गई थी। जिलाधीश द्वारा इस आशय की अपील भी जारी की गई थी। किंतु उसका गलत निर्णय निकालकर विरोधी दलों ने मोर्चा खड़ा कर दिया था जिसके चलते बड़ी संख्या में किसानों ने धान की बौनी की और जहां भी धान की बौनी हुई है वहां जलसंकट गहरा रहा है वर्षा काल में तो धान की सिंचाई के लिए वर्षा का जल पर्याप्त मात्रा में मिल जाता है किंतु गर्मी की फसल में सिंचाई के अन्य साधन सीमित होने के कारण कृषक 24 घंटे हैंडपंप से जल का दोहन कर रहे हैं और यही वजह है कि गांव गांव में तालाब व पोखर सहित कुएं व जल के अन्य संसाधन सूखने की कगार पर है। कई गांव में तो निस्तार की सुविधा का संकट भी गहराने लगा है। यदि यही हाल रहा तो जल्द ही पानी के लिए युद्ध होने की आशंका भी जताई जा रही है। शासन द्वारा कृषकों को कम दर पर विद्युत प्रदाय कर या यों कहें कि खेतों के लिए हैंडपंप लगभग निशुल्क दर पर होने के कारण 24 घंटे हैंड पंप चलाये जा रहे हैं। जिससे गांव-गांव में जल संकट गहराने लगा है जल्द ही यदि इसका कोई सार्थक हल नहीं निकला गया तो गंभीर स्थिति दो चार होना पड़ेगा।

- लगातार चल रहे हैंडपंप
- आगे जल संकट बढ़ने की आशंका

### वनधन विकास केन्द्र दुगली में एलोवेरा का प्रीमियम प्रोडक्ट किया जाता है तैयार

**धमतरी 13 मार्च।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज अपने नगरी प्रवास के दौरान दुगली स्थित लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं प्रशिक्षण केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्र में सचांलित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी से ली। अधिकारियों ने बताया कि प्रसंस्करण केन्द्र में सीजी हर्बल के लिए उत्पाद तैयार करने और उन्हें पैक करने का काम किया जाता है। इसके साथ ही तिखुर और शहद आदि भी एकत्रित किया जाता है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि भारत सरकार, आदिवासी विकास विभाग द्वारा वर्ष 2021 में वनधन विकास केन्द्र दुगली को प्रदेश में अधिक वनोपज संग्रहण के लिए अवार्ड भी दिया गया है। केन्द्र में दो महिला समूह जागृति स्व सहायता समूह और बम्लेश्वरी स्व सहायता समूह कार्यरत है।

- कलेक्टर ने समूह की महिलाओं से चर्चा की, तैयार उत्पादों को बड़े बाजारों में बेचने की व्यवस्था करने के अधिकारियों को दिये निर्देश

कलेक्टर श्री मिश्रा ने केन्द्र में दोना-पत्तल निर्माण इकाई का भी अवलोकन किया। साथ ही समूह की महिलाओं से चर्चा करते हुए केन्द्र में कार्यरत महिलाओं की संख्या, उनके द्वारा तैयार दोना-पत्तल विक्रय और इससे मिलने वाली आय के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि वे स्व सहायता समूह की महिलाएं हैं और आसपास के गांवों से काम करने आती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हर माह उन्हें लगभग 6 से 7 हजार रूपये की आय हो जाती है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इन महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बड़े बाजारां में बेचने के लिए पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

बता दें कि वनधन विकास केन्द्र दुगली में कुल 22 प्रकार की सामग्रियां तैयार की जातीं हैं। इनमें एलोवेरा जूस, साबून, बॉडीवॉश, शैम्पू, जैल, मॉस्चराईजर, हेयर कंडीशनर के साथ ही आंवला कैण्डी, आंवला जूस, आंवला चूर्ण, बेहड़ा पावडर, त्रिफला चूर्ण, शतावर चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, अर्जुन चूर्ण, जामुन गुठली चूर्ण, कालमेघ चूर्ण, तिखुर पावडर, बैचांदी चिप्स, माहुल पत्ता, शीशल रस्सी और शहद निर्मित किया जाता है। इनमें से 15 प्रकार की औषधि एवं खाद्य सामग्री का निर्माण शामिल है, जिसका आयुष एवं खाद्य विभाग से लायसेंस भी मिला है। यहां वर्ष 2023 से एलोवेरा का उत्पाद साबून, शैम्पू, मॉस्चराईजर, बॉडीवॉश आदि तैयार किया जा रहा है, जिसका ड्रग एवं कॉस्मेटिक विभाग से लायसेंस मिला है।

# इंद्रावती जोरा नाला के स्ट्रक्चर में डाली गई रेत की बोरियां

- इंद्रावती जोरा नाला कंट्रोल स्ट्रक्चर से पानी का प्रवाह नदी की मुख्य धारा में
- किसानों को जोरा नाला की समस्या के निराकरण की दी गई जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 13 मार्च।** राज्य सरकार की पहल पर जोरा नाला के बीच जल विभाजन के लिए बनाए गए कंट्रोल स्ट्रक्चर में पानी बहाव छत्तीसगढ़ प्रदेश को करने हेतु ओड़िसा सरकार की सहमति के बाद जोरा नाला के स्ट्रक्चर में रेत की बोरिया डाल निर्धारित मात्रा में जल प्रवाह इंद्रावती नदी के मुख्य धारा में किया गया है। जल समस्या के समाधान हेतु मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेश सरकार के जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप द्वारा केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल को इन्द्रावती नदी के जल संकट की समस्या से अवगत कराया गया। जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं ओडिशा राज्य के मुख्यमंत्री श्री मांझी को समस्या का हल करने निर्देश दिये। जिसके परिपालन में ओडिशा राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के अधिकारियों को निर्देश दिए जिसका असर ये हुआ कि जोरा नाला में स्थित कन्ट्रोल स्ट्रक्चर को अस्थाई रूप से एक फिट ऊंचा किया गया जिससे इन्द्रावती नदी के जल प्रवाह में वृद्धि हुई है। साथ ही इन्द्रावती नदी के अप स्ट्रीम एवं डाउन स्ट्रीम में जमा रेत को हटाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जिसे अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक हटा लिया जाने का आश्वासन दिया गया है।





उक्त सम्बन्ध में कलेक्टर श्री हरिस एस के मार्गदर्शन पर अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, अति. पुलिस अधीक्षक श्री महेश्वर नाग, ईई जल संसाधन श्री वेद पांडेय द्वारा में स्थानीय कृषकों को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में अवगत कराया गया।

ज्ञात हो कि इन्द्रावती नदी का उद्गम ओडिशा राज्य के कालाहांडी के रामपुर धुमाल नाम के गांव से हुआ है। इन्द्रावती नदी 164 किलोमीटर उड़ीसा राज्य में बहने के उपरांत 9 कि.मी. लम्बाई में छत्तीसगढ़ एवं उड़िसा की सीमा बनाते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवेश करती है एवं लगभग 232 कि.मी. छत्तीसगढ़ में बहने के पश्चात 129 कि.मी. महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ की सीमा बनाते हुए गोदावरी नदी में मिलती है। इस प्रकार यह नदी कुल 534 कि.मी. अपने उद्गम स्थल से बहने के उपरांत गोदावरी नदी में मिलती है। इन्द्रावती नदी का कुल कैचमेंट एरिया 41665 वर्ग किमी है जिसमें उड़िसा राज्य में कैचमेंट 7435 वर्ग कि.मी., छत्तीसगढ़ राज्य में 33735 वर्ग कि.मी. एवं महाराष्ट्र राज्य में 495 वर्ग कि.मी. है। दिसम्बर 1975 को मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं मुख्यमंत्री उड़ीसा के मध्य समझौता हुआ था, जो बाद में गोदावरी जल विवाद प्राधिकरण के निर्णय वर्ष 1978 का हिस्सा बना। इन्द्रावती के उड़ीसा मध्यप्रदेश (छत्तीसगढ़) सीमा पर उड़ीसा 45 टी.एम.सी. जल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगा।कम बारिश होने पर पानी की उपलब्धता की यह मात्रा समानुपातिक रूप से कम की जा सकेगी। मध्यप्रदेश (छत्तीसगढ़) डाउनस्ट्रीम प्रोजेक्ट के लिए अतिरिक्त 18 टी.एम.सी. जल का उपयोग कर सकेगा जिसमें प्रत्येक परियोजना में 1.5 टी.एम.सी. से ज्यादा उपयोग नहीं कर सकेगा। 11 जुलाई 1979 के अनुबंध के अनुसार उड़ीसा अपर इन्द्रावती परियोजना साईट तक सम्पूर्ण पानी का उपयोग कर सकेगा।

### जोरा नाला की समस्या

उड़ीसा राज्य की सीमा पर ग्राम सूतपदर में इन्द्रावती दो भागों में बंट जाती है। एक हिस्सा इन्द्रावती नदी के रूप में लगभग 5 कि.मी. उड़ीसा में बहते हुए ग्राम भेजापदर में छत्तीसगढ़ में प्रवेश करती है जो डाउनस्ट्रीम में जगदलपुर, चित्रकोट से होते हुए गोदावरी में मिल जाती है। दूसरा हिस्सा जोरा नाला के रूप में 12 कि.मी. बहते हुए शबरी (कोलाब) नदी में मिल जाती है। पूर्व में जोरा नाला का पानी इन्द्रावती में आ रहा था। कालांतर में कटाव के साथ-साथ जोरा नाला का बहाव बढ़ता एवं इन्द्रावती का बहाव कम होता गया। समस्या गंभीर होने पर दिसम्बर 2003 को प्रमुख अभियंता, उड़ीसा एवं प्रमुख अभियंता छत्तीसगढ़ की बैठक में निर्णय लिया गया कि इन्द्रावती जोरा नाला के मुहाने पर बराबर मात्रा में पानी के बंटवारे के लिए एक पक्का स्ट्रक्चर का निर्माण किया जाये।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने किया बस्तर पंडुम-2025 के लोगो का अनावरण

**जगदलपुर 13 मार्च।** बस्तर के लोग जीवन का हर पल उत्सव की तरह जीते हैं और




अपनी खुशी की अभिव्यक्ति के लिए उनके पास समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। बस्तर में शांति स्थापना के लिए हम तेजी से अपने कदम बढ़ा रहे हैं और बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर के लोकजीवन और लोकसंस्कृति को सहेजने के साथ ही उनकी उत्सवधर्मिता में हम सहभागी बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में मांदर की थाप पर नाचते कलाकारों की मौजूदगी में बस्तर पंडुम 2025 के लोगो का अनावरण किया और यह बातें कही।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधे 138 जोड़े

**सुकमा 13 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों के



सशक्तिकरण एवं सभी वर्गों को समानता का अधिकार देने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 138 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री केदार कश्यप मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं प्रभारी मंत्री और विधायक जगदलपुर श्री किरण देव, जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे ने नवविवाहित दम्पत्तियों को आशीर्वाद दिया और सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। परंपराओं एवं रस्मों के साथ विधि विधानपूर्वक विवाह खुशी एवं उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सुकमा से 35, छिंदगढ़ से 37, तोंगपाल से 47 दोरनापाल से 09 और कोंटा से 10 कुल 138 जोड़े शामिल हुए।

### क्षेत्रीय सरस मेला और किसान मेला का हुआ आगाज


**सुकमा, 13 मार्च।** वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप के विशेष प्रयासों से सुकमा जिले में पहली बार



क्षेत्रीय सरस मेला 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम सुकमा में 11 मार्च से 13 मार्च 2025 तक क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन होगा। सरस मेला के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि श्री केदार कश्यप मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं प्रभारी मंत्री और विधायक जगदलपुर श्री किरण देव शामिल हुए। सरस मेले में बस्तर संभाग के समस्त जिलों के साथ-साथ सुकमा जिले के स्व-सहायता समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियों का विक्रय एवं प्रदर्शनी लगाई गई है। तीन दिवसीय सरस मेला में समूह द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार की सामग्रियों को आम जनता के लिए विक्रय के लिए रखा गया है। सरस मेले में लगभग 40 स्टॉल लगाए गए है।

### चीफ जस्टिस ने किया नवीन व्यवहार न्यायालय भवन सुकमा का भूमिपूजन

**सुकमा, 13 मार्च।** माननीय मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर



श्री रमेश सिन्हा के द्वारा नवीन व्यवहार न्यायालय भवन एवं न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय कालोनी सुकमा का भूमिपूजन बुधवार को वर्चुअल मोड से किया गया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री अरविन्द कुमार वर्मा माननीय न्यायाधीश उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं पोर्टफोलियो जज जिला दन्तेवाड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। माननीय चीफ जस्टिस श्री रमेश सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी पदस्थापना छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में होने के पश्चात् उनके द्वारा सर्वप्रथम दन्तेवाड़ा न्यायालय का ही निरीक्षण किया गया था एवं दन्तेवाड़ा न्यायालय के न्यायिक कर्मचारियों के आवसीय परिसर का उद्घाटन किया था। उन्हें इस बात की खुशी है कि आज नवीन व्यवहार न्यायालय भवन सुकमा एवं न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय परिसर का भूमि पूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यवहार न्यायालय बीजापुर के न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के नव निर्मित भवन भी बनकर तैयार हो गया है। जिसका उद्घाटन उनके द्वारा पूर्व में किया गया। उनके कहा कि दन्तेवाड़ा क्षेत्र सुदुर एवं संवेदनशील है परन्तु उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा क्षेत्र छत्तीसगढ़ राज्य का खूबसूरत स्थान है।

# बस्तर संभाग के कला एवं संस्कृति, परम्परा का अद्भुत समागम होगा बस्तर पंडुम-2025

- 12 से 3 अप्रैल तक तीन चरणों में होंगे विभिन्न कला विधाओं के प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 13 मार्च।** राज्य शासन के निर्णयानुसार जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग के स्थानीय कला एवं संस्कृति परम्परा लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खानपान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य, व्यंजन पेय पदार्थों के मूल स्वरूप के संरक्षण, संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारी को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश से ''बस्तर पंडुम 2025'' का जनपद, जिला, संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

इस संबंध में ''बस्तर पंडुम 2025''के अंतर्गत प्रतियोगिता के लिए बस्तर संभाग के सभी 32 जनपद मुख्यालय में 7 विधाओं पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। ग्राम पंचायत स्तर से 7 विधाओं से संबंधित सभी कलाकारों को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु निःशुल्क प्रवेश होगा।

आयोजन का स्तर तीन चरण जनपद, जिला एवं संभाग स्तर में विभाजित होगा। इसके अन्तर्गत प्रथम चरण जनपद स्तर प्रतियोगिता दिनांक 12 से 20 मार्च 2025 के अंतर्गत आयोजित कराये जाएगें। 7 विधाओं से एक-एक दल, समूह प्रतिभागी का चयन कर प्रत्येक विधाओं के विजेता दल को प्रोत्साहन राशि 10 हजार रूपये दिए जायेगें। इसी प्रकार द्वितीय चरण जिला स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 21 से 23 मार्च 2025 के अंतर्गत आयोजित होंगे। और प्रत्येक विधाओं के विजेता दल को प्रोत्साहन राशि 20 हजार दिए जाएगें।

तृतीय चरण संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में प्रस्तावित किया गया है। संभाग स्तरीय आयोजन 1. 2 एवं 3 अप्रैल 2025 तक होगा। इस संभाग स्तरीय आयोजन के 49 प्रतिभागी जिला स्तरीय विजेता दलों को राशि रु. 10,000 यात्रा व्यय एवं 7 विधाओं के विजेता 7 दलों को (1) प्रथम पुरस्कार राशि रू 50,000 (2) द्वितीय पुरस्कार राशि रू 30.000 (3) तृतीय पुरस्कार राशि रू. 20.000 तथा शेष प्रतिभागी 28 दलों को रू. 10,000 प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जावेगा। ''बस्तर पंडुम 2025'' के अन्तर्गत प्रतियोगिताओं की जो विधाएं शामिल की गई है।

## आत्मनिर्भरता की सीढ़ी पर दीदियों के बढ़ते कदम

**दंतेवाड़ा, 13 मार्च।** भारत सरकार की ''लखपति दीदी योजना'' महिलाओं के लिए एक खास तरह का स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम है। इसके जरिए लगभग तीन करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का उद्देश्य निश्चित किया गया। इस योजना के जरिए शासन महिलाओं को स्वरोजगार के विभिन्न क्षेत्र उपलब्ध कराकर उन्हें उनके आर्थिक सशक्तिकरण को एक मजबूत आधार देना चाहती है। इस संदर्भ में ग्रामीण विकास मंत्रालय ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाने के लिए एक पहल की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपए कमाने में सक्षम बनाना है। इसके लिए मंत्रालय ने अगले दो वर्षों में 2.5 करोड़ ग्रामीण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका सहायता प्रदान करने की योजना बनाई है।

## समाचार संक्षेप

### कमिश्नर डोमन ने की एनएमडीसी सीएसआर मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा

- प्रगतिरत कार्यों को जल्द पूर्ण करवाने के दिए निर्देश

**जगदलपुर 13 मार्च।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के बस्तर, कोण्डागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के परिक्षेत्रीय विकास निधि के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर पुराने प्रगतिरत कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने बैठक में कहा कि सीएसआर मद के कार्य सम्बन्धित क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रतिपूर्ति करती है, इसी उद्देश्य के अनुरूप स्थानीय जरूरतों के मद्देनजर स्वीकृत कार्यों से सम्बन्धित ईलाके के लोगों को लाभान्वित किया जाना है। इसे ध्यान रखकर स्वीकृत कार्यों को तेजी से संचालित कर जल्द पूर्ण किया जाए। कमिश्नर ने वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा वर्ष 2024-25 के तहत हाई पावर कमेटी से अनुमोदित कार्यों का जल्द एमओयू किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएसआर मद के कार्यों की प्रगति के आधार पर उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा पूर्ण कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र समय पर प्रस्तुत किए जाने कहा। उन्होंने सीएसआर मद के तहत स्वीकृत कार्यों में अद्यतन प्रगति लाए जाने के लिए समय-सीमा की बैठक में नियमित समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए। वहीं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एनएमडीसी के अधिकारियों को भी जोड़कर कार्यों की समीक्षा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान अवगत कराया गया कि इन जिलों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 368 कार्यों और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1813 कार्यों की स्वीकृति दी गई है। बैठक में डिप्टी कमिश्नर श्री बीएस सिदार मौजूद थे। वहीं एनएमडीसी के अधिकारी और सम्बन्धित जिलों के अधिकारी वर्चुअल रूप से जुड़े रहे।

## पुरषोत्तम कश्यप को जनपद उपाध्यक्ष बनने पर माहरा समाज ने जताया आभार

**जगदलपुर, 13 मार्च।** माहरा समाज बस्तर के संभागीय संयोजक विनय सोना ने जगदलपुर जनपद पंचायत चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर माहरा समाज के सदस्य व नव-निर्वाचित जनपद सदस्य पुरुषोत्तम कश्यप के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपा संगठन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, मंत्री केदार कश्यप एवं बस्तर सांसद महेश कश्यप व सभी



जनपद सदस्य व कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। और कहा कि, बस्तर में माहरा समाज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। हमारा समाज राजनीति के साथ- साथ हर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। किन्तु समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर निराशा होती थी किन्तु भाजपा ने आज समाज के सदस्य व बजरंग दल के कार्यकर्ता पुरुषोत्तम कश्यप को जनपद उपाध्यक्ष बनाकर माहरा समाज के स्वाभिमान व गौरव को बढ़ाने का काम किया। राजनीति में माहरा समाज को प्रतिनिधित्व मिलने का जो सपना हमारे पूर्वजों व वरिष्ठ सदस्यों ने देखा था वह सपना भाजपा के सहयोग से आज पुरुषोत्तम कश्यप को उपाध्यक्ष बनते देख पूरा हो रहा है। भाजपा की इस सार्थक पहल के बाद माहरा समाज के सभी सदस्यों को आशा है कि, माहरा समाज की बस्तर में उपस्थिति को मद्देनजर रखते हुए भारतीय जनता पार्टी एवं उनके अनुषांगिक संगठन में माहरा समाज के योग्य लोगों की सहभागिता बढ़ाने पर निकट भविष्य में बल दिया जाएगा।

# फागुन मेला के कारण हो रहे जाम से लोग परेशान

- एम्बुलेंस व आम वाहन घटों फंसे रहे जाम में
- प्रशासन के पास फिलहाल कोई समाधान नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 13 मार्च।** मां दंतेश्वरी की पावन नगरी में फागुन मेला के समय फिर से जानलेवा जाम लगने से लोग परेशान रहे। बुधवार को बड़ा मेला के दिन गायत्री मन्दिर चौक से शनि मंदिर तिराहे के बीच भीड़ में गाड़ियां बार-बार फंसती रही। घण्टों जाम लगने की यह समस्या पिछले कुछ साल से बढ़ गई है। मन्दिर कॉरीडोर निर्माण के नाम पर मेंडका डोबरा मैदान के एक तरफ औचित्यहीन काम्प्लेक्स निर्माण और मंगल भवन के आस-पास टाइल्स बिछाने के बाद से मीना बाजार और डिजनीलैंड के झूले लगने की जगह बदलने से यह समस्या उत्पन्न हो रही है। अब मीना बाजार देवभोग होटल के पीछे लग रहा है, जिससे गायत्री मन्दिर से हायर सेकंडरी स्कूल के बीच सड़क के दोनों तरफ मेला की दुकानें लगाई जा रही हैं।

इससे सड़क संकरी तो हो ही जाती है, लोगों की भीड़ भी इसी तरफ लग रही है। मेला स्थल शिफ्ट होने की एक और वजह नारायण मंदिर से बस स्टैंड के बीच सड़क किनारे गलत ढंग से रेलिंग लगाया जाना भी है। इस रेलिंग की वजह से ज्यादातर दुकानदार इस तरफ दुकान सजाने से कतराते हैं। इसका असर यह हुआ कि मेला का की भीड़ का केंद्र अब गायत्री मन्दिर चौक से हाई स्कूल की तरफ शिफ्ट हो गया है, जो जाम लगने का सबसे बड़ा कारण है। इससे यातायात पुलिस के लिए भी चुनौती बढ़ जाती है।

**पालिका व प्रशासन मौन-** इस जानलेवा जाम की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका व जिला प्रशासन के पास अभी तक कोई रास्ता नहीं है। शारदीय नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि पर भी साल दर साल बढ़ती जा रही भीड़ को देखते हुए कोई स्थायी समाधान निकालने की जरूरत है। स्थानीय लोगों ने जिला सहकारी बैंक के पास डंकनी नदी के नए पुल से लेकर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल तक फ्लाई ओवर बनाने का सुझाव भी प्रशासन को दिया है, ताकि भीड़ के दिनों में यातायात सुचारू ढंग से चलता रहे। और जिला हॉस्पिटल आने-जाने वाले मरीजों और रेफर किए गए गंभीर मरीजों को तत्काल निकालने में आसानी हो, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है।

## छालीवुड कलाकारों के रंग सरोवर होली मिलन में गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति



- आरकेएम म्युजिकल ने समा बाँधा फिल्मी सितारों की महफ़िल में

**रायपुर, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों की होली मिलन समारोह ÷रंग सरोवर होली मिलन÷ कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों का होली मिलन सिर्फ फिल्मी परिवार के सदस्यों के लिए और सिर्फ फिल्मी सितारों के द्वारा मनाया जाता है। इस बार होली मिलन सहाय फिल्म सिटी एंड स्टूडियो में 11 मार्च को संध्या 4:00 बजे से भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में झमाझम संगीत संध्या में आर केएम यूजिकल ग्रुप द्वारा होली सदाबहार गीतों की ऐक से बढ़कर एक प्रस्तुति दे कर लोगों को नाचने झूमने में मजबूर किया आयोजन में आए हुए फिल्मी दुनिया के सभी निर्माता निर्देशक कलाकारों ने गायक कलाकारों की भरपूर तारीफ कर वन्स मोर की तारिफ की और बधाई दी।

# नगर पालिका परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने किया शपथ ग्रहण

- नगर की बुनियादी सुविधाओं के लिए एकजुट हो कर बेहतर काम करें: मंत्री केदार कश्यप

**सुकमा, 13 मार्च।** आज सुकमा नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह भव्य आयोजन बस स्टैंड परिसर सुकमा में किया गया, जहां सुकमा नगर पालिका परिषद् के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री हुंगाराम मरकाम और नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपने पद की शपथ ली। एसडीएम सुकमा सुश्री मधु तेता ने अध्यक्ष एवं पार्षदों को शपथ दिलाई।




कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक जगदलपुर श्री किरण सिंह देव, जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को शुभकामनाएँ देते हुए नगर के विकास और कल्याण के लिए उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। समारोह का समापन नगर के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ हुआ, जिससे सुकमा नगर पालिका परिषद् के भविष्य की नई आशाएं और संभावनाएं जुड़ी हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री हुंगाराम मरकाम ने नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष पद की शपथ ली। इसके पश्चात एक -एक करके पार्षदों ने बारी- बारी से शपथ लिया। कार्यक्रम के दौरान, मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप और विधायक जगदलपुर श्री किरण सिंह देव ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि वे नगर के विकास हेतु केंद्र सरकार से हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे, ताकि नगर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो और नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठे। उन्होंने कहा कि नगर की बुनियादी सुविधाओं में एक जुट हो कर बेहतर काम करें।

वहीं विधायक श्री किरण देव राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नगर के विकास में शामिल करने का संकल्प लिया और नगर की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का वादा किया। दोनों अतिथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों से आग्रह किया कि वे नगर की समस्याओं को समझते हुए पारदर्शी और जनकल्याणकारी नीतियों को प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नगर का विकास सभी वर्गों के समन्वय से ही संभव है, और सभी निर्वाचित सदस्यों को एकजुट होकर नगर के हित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अतिथियों के विचारों का स्वागत किया।

## ग्राम पंचायत उसरी स्कूल में विदाई समारोह आयोजित



**जगदलपुर, 13 मार्च।** ग्राम पंचायत उसरी के शा. प्रा. शाला उसरी में कक्षा 5वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई समारोह हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ इस शुभ अवसर पर नव-निर्वाचित सरपंच मंदेश मौर्य एवं युवा प्रकोष्ठ के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे

**समारोह की शुरुआत-** कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री भूपेंद्र झाडी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं

**विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियाँ-** विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गायन, कविता पाठ एवं नाट्य प्रस्तुति शामिल थी विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की और विद्यालय में बिताए गए सुनहरे पलों को याद किया सरपंच श्री मंदेश मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा व्यक्ति के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए यह संकल्प दिलाया कि वे अपने जीवन में उच्च आदर्शों का पालन करेंगे।

## एक नजर

### अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाली शराब कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 13 मार्च।** आपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस



द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 12.03.2025 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा भैंसापसरा बलौदाबाजार में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपिया से ?26,400 कीमत मूल्य का 240 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपिया के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### बेहतर भविष्य के लिए पानी का संरक्षण एवं संवर्धन करने की अपील: कलेक्टर

**बालोद, 13 मार्च।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि पानी मनुष्य सहित संपूर्ण




जीव जगत के जीवन की रक्षा हेतु अत्यंत आवश्यक एवं अनमोल है। उन्होंने आम जनता से वर्तमान समय में जीवन की रक्षा तथा आने वाले पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए पानी का संरक्षण एवं संवर्धन करने की अपील भी की। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल जिला प्रशासन द्वारा बालोद जिले में आज 12 मार्च से 21 मार्च तक चलाए जा रहे जल जतन अभियान के अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के ग्राम डांडेसरा में आयोजित जल जतन पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। श्री चन्द्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत गुरूर के अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू एवं जनपद सदस्य डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, संध्या अजेन्द्र, पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी, ग्राम पंचायत के सरपंच तोमन लाल साहू सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने जिला अस्पताल पहुंचकर भर्ती किसान के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**बलौदाबाजार, 13 मार्च।** कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को तहसील सुहेला मे घटित घटना के कारण जिला अस्पताल बलौदाबाजार



मे ईलाज हेतु भर्ती किसान हीरालाल साहु से मिलने पहुंचे। उन्होंने किसान एवं उनके परिजनों से मिलकर स्वास्थ्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने हीरालाल की बेहतर ईलाज सुनिश्चित करने उपस्थित चिकत्सकों को निर्देशित किया। कलेक्टर सोनी ने बताया कि घटना के सम्बन्ध मे जांच कर तथ्यात्मक जानकारी प्रस्तुत करने के लिए एसडीएम सिमगा को आदेशित किया गया है। जारी आदेश मे कहा गया है कि अतिशीघ्र जांच कर तथ्यात्मक जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

### समूह की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में लगाया हर्बल गुलाल क़ा स्टॉल

**बलौदाबाजार, 13 मार्च।** जिले की स्व सहायता समूह की महिलाएं हर्बल गुलाल का निर्माण कर अपना अलग पहचान बना रही



हैं।समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल की लोगों मे अच्छी मांग है। इसी कड़ी मे बुधवार को विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत धमनी की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की जय मां वैष्णवी स्व सहायता समूह द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय के रिसेप्शन काउंटर के पास स्टॉल लगाए। नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव ने स्टॉल का अवलोकन किया और हर्बल गुलाल खरीदकर प्राकृतिक उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने प्रोत्साहित किया।

### संविदा पदों के लिए दावा आपत्ति 24 मार्च तक

**बलौदाबाजार,13 मार्च।** बाल विकास विभाग अंतर्गत मिशन वात्सल्य योजना के तहत संचालित चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 के रिक्त संविदा पदों हेतु राज्य स्तर से विज्ञापन जारी किया गया है। संविदा पदों पर भर्ती हेतु दावा-आपत्ति के लिए अंतिम तिथि 24 मार्च 2025 निर्धारित की गई है।

## बैठक में सर्व समुदाय एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष, पार्षद, सरपंच, पंच उपस्थित रहे

# तिल्दा नेवरा में होली एवं रमजान को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

- अनुविभागीय दण्डाधिकारी आशुतोष देवांगन,तहसीलदार ज्योति मसियारे,विद्युत विभाग के अधिकारी हुए शरीक
- एसडीएम ने सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने की अपील की, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 13 मार्च।** थाना परिसर तिल्दा नेवरा में अनुविभागीय दंडाधिकारी होली तथा रमजान माह को ध्यान में रखते हुये आम जनता शान्ति एवं सौहाद्र पूर्ण रूप से त्यौहार मनाये जाने संबंधी बातों को लेकर चर्चा की गई जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकगण, नवनियुक्त पार्षद, ग्रामीण अंचल के सरपंच, पंच व ग्रामीण कोटवार उपस्थित रहे।अधिकांश जनप्रतिनिधियो ने गावों में अवैध शराब बिक्री की बात कही और पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए साथ ही शराब दुकानों में ओवर रेट में शराब बिक्री किए जाने की बात भी कही होली पर्व में महिलाओं एवं बच्चो के गरिमा व मयार्दा को ध्यान में रखकर रंग लगाने, कैमिकल युक्त रंगो मुखौटा का प्रयोग न करने। ध्वनी विस्तारक यंत्रो तथा जुलूस रैली का पूर्णतः प्रतिबंध होने के साथ साथ मोटर सायकल पर तीन सवारी, प्रेशर हार्न, चिल्लाने, हुटिंग न करे, होलिका दहन पर लकडी/पेड काटकर चोरी/ /, शराब, भांग, व्यसन का उपयोग कर हुल्लडबाजी व उपद्रव/, अनैतिक शब्दो का प्रयोग /, रंग गुलाल विक्रताओं को शरीर को नुकसान पहुँचाने वाले कैमिकल वाले रंग की बिक्री न करने संबंधी हिदायत दिया गया।थाना तिल्दा नेवरा प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम के द्वारा क्षेत्र के लोगो से पर्व को शांति एवं सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाने की अपील करते हुये कहा की वाद विवाद की स्थिति निर्मित होने पर हुड़दंगियों पर तत्काल कार्यवाही करने की बात कही गई।

## होली पर कसडोल पुलिस सख्त, नियम व कानून तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 13 मार्च।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी थाना कसडोल के आदेशानुसार आगामी होली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुवे थाना कसडोल क्षेत्रों में निवासरत 10 आपराधिक प्रवृत्ति के असमाजिक तत्वों में लगातार संलिप्त व्यक्तियों के ऊपर धारा 170, 126, 135 बीएसएसएस के तहत कार्यवाही किया गया एवं एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। एसडीएम न्यायालय द्वारा थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था , शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निम्न व्यक्तियों के ऊपर भारी से भारी राशि का बॉन्ड ओवर की कार्यवाही किया गया है जिसके चलते क्षेत्रों में होली त्यौहार को शांति एवं सौहार्द्र पूर्वक मनाया जा सके। आरोपियों में रोहित जायसवाल पिता नानूराम जायसवाल उम्र 45 साल



साकिन बजरंग चौक कसडोल, मेहतरदास पिता खेदुराम मानिकपुरी उम्र 58 साल साकिन कसडोल, शिव सोनी उर्फ छोटू पिता घनश्याम सोनी साकिन वार्ड नंबर 12 कसडोल, मोहित साहू पिता कौशल साहू उम्र 38 साल साकिन वार्ड नम्बर 08, बलार रोड, कसडोल, गंगासागर पटेल पिता दादूलाल उम्र 45 साल साकिन झबड़ी, जावेद पटेल पिता गंगासागर उम्र 18 साल साकिन झबडी, त्रिलोक चंद कौशिक पिता रामकुमार उम्र 24 साल साकिन झबड़ी, पवन कुमार कर्ष पिता सुन्दर लाल उम्र 20 साल साकिन झबडी है।

## शिव जयंती पर विभिन्न वार्डो में किया गया शिव ध्वजारोहण

- ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने दिया शिव संदेश,कहा आध्यात्मिकता मानव समाज की आवश्यकता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 13 मार्च।** नगर के आवासपारा, गादी कोठ संजय नगर में शिव जयंती के अवसर पर शिव ध्वजारोहन कर परमात्म पिता शिव बाबा के दिव्य अवतरण की 89 वी जयंती मनाई। ज्ञात हो कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में संचालित गीता पाठशाला के सदस्यों ने रविवार 9



मार्च को एक दिवसीय शिव सन्देश यात्रा के तहत खड़मा से प्रारम्भ हो छुरा नगर पहुंच संस्थान के वरिष्ठ सदस्य सियाराम सिन्हा गाडिकोठ, लवण साहू आवास पारा, में शिवलिंग की पूजा अर्चना कर शिव ध्वजारोहण कर परमात्म शिव पिता के महावाक्य का संदेश आम लोगो को दिया।

## स्वास्थ्य केन्दों में आंखों की जांच कर ग्लूकोमा सप्ताह मनाया गया



**भाटापारा, 13 मार्च।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अंधत्व नोडल अधिकारी डा.राजेश अवस्थी जिला ब.बा.भाटापारा ,डा.राजेन्द्र महेश्वरी बीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाटापारा ,डा.सुषमा महेश्वरी नेत्र रोग विशेषज्ञ भाटापारा के मार्ग दर्शन मे भाटापारा ब्लाक के अन्तर्गत समस्त प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया गया जिसके तहत समस्त नेत्र सहायक अधिकारी किस्मत गुलेरी,सारीक हैदरी ,नोहर राकेश,वंदना प्रसाद, पद्मिनी सिंगरोल, के द्वारा ग्लूकोमा की जांच कर ग्लूकोमा से होने वाले आंखो मे अंधत्व की परेशानी के बारे मे लोगो को बताकर जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया। इस संबंध मे नेत्र सहायक अधिकारी किस्मत कुमार गुलेरी ने बताया कि 40 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को साल मे एक बार नेत्र परीक्षण अवश्य कराना चाहिए नेत्र परीक्षण की सुविधा जिला अस्पताल ,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे उपलब्ध है।

## होली शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने थाना प्रभारी ने शांति समिति की बैठक ली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**भखारा, 13 मार्च।** पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के द्वारा होली त्यौहार के मद्देनजर जिलेभर के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को शांति समिति की बैठक लेने के लिए निर्देशित किया गया है।

शांति समिति की बैठकों का मुख्य उद्देश्य होली त्यौहार को लेकर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने की तैयारियों को लेकर की गई थी। इसके पूर्व भी कलेक्ट्रेट में कलेक्टर एवं एसपी द्वारा ली गई मिटिंग में सभी थाना के जनप्रतिनिधियों,आम नागरिकों और समाज के प्रतिनिधियों से इस संबंध में आवश्यक सुझाव भी लिए गए थे। थाना प्रभारी एवं निरीक्षक उमाकांत तिवारी ने बुधवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक लेकर होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए होली पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कहा गया है। यह भी बताया गया है कि इस दौरान दुपहिया वाहन में तीन सवारी,तेज चलाने वाले बाइकर्स, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के ऊपर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। थाना प्रभारी एवं निरीक्षक उमाकांत तिवारी ने शांति समिति की बैठक में कहा कि होली में नशीले पदार्थ का सेवन न करें,किसी के ऊपर जबरन रंग न लगावें,ग्रीस एवं कांच युक्त रंगों का प्रयोग न करें,अश्लील हरकतों एवं शब्दों का प्रयोग न करें, हुडदंग,मारपीट,गाली गलौज, शोर शराबा ना करें,किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें,गांव में गाड़ियों में तेज आवाज में म्यूजिक चलाकर हुडदंग न करें एवं परिवर्तित दोपहिया वाहन साइलेंसर (तेज आवाज निकलने वाले फटाके की तरह) का प्रयोग न करें। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षाए चल रही है साउंड सिस्टम का उपयोग बिना अनुमति के ना किया जाए तथा अनुमति प्राप्त होने पर भी धीमे आवाज में बजाया जाए।

# रूपनाथ बंजारे बने हरदी पंचायत के उप सरपंच

- समर्थकों ने आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर खुशी मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 13 मार्च।** ग्राम पंचायत हरदी में सरपंच चुनाव के परिणाम आने के बाद उप सरपंच का चुनाव भी बहुत ही ज्यादा गहमागहमी कांटे की टक्कर दोनों ही खेमों में रहा। और अंततः हरदी से दो प्रत्याशी उम्मीदवार उपसरपंच के लिए चुनावी मैदान में उतरे एक रुपनाथ बंजारे और दूसरा लता कंवर रहे। हरदी पंचायत में कुल वार्ड 14 हैं,सरपंच मत को छोड़कर जिसमें रुपनाथ को कुल 9 मत मिले और प्रतिद्वंदी को 6 मत मिले और पीठासीन अधिकारी ने बंजारे को बहुमत हासिल होने पर जीत की घोषणा कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बंजारे की जीत होने के बाद सभी चहेते समर्थकों ने फटाखे की आतिश बाजी कर खुशी मनाई और सभी एक दूसरे को प्रणाम करते आशीर्वाद लेकर गले मिलते रहे,एवं मिठाई खिला कर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। रुपनाथ बंजारे ने खुशी के मौके पर कहा पड़े लिखे नौजवान को अब पंचायत में क़दम रखने की जरूरत है तभी पंचायत की विकास की गति में चार चांद लगेगा आखिर पढ़े लिखे लोग ज्यादातर राजनीति में क्यू रुचि नहीं लेते, जब तक आप शिक्षित होने के बाद भी पंचायत के उत्थान विकसित के लिए क़दम से क़दम नहीं मिलाएंगे तब तक देश आगे विकसित कैसे होगा।

## कलेक्टर ने की समिति स्तर पर धान उठाव की समीक्षा की

**बलौदाबाजार, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को समिति प्रबंधको की ऑनलाइन बैठक लेकर समिति स्तर पर धान उठाव की समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में शेष धान का शीघ्र उठाव कराते हुए 25 मार्च तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही धान उठाव में रूचि नहीं लेने वाले मिलर्स क़ा डी ओ निरस्त करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान धान उठाव में लापरवाही बरतने पर छेरकापुर के प्रभारी समिति प्रबंधक सेवक राम साहु को हटाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि धान उठाव के लिए समिति, मिलर्स और ट्रांसपोर्टर की संयुक्त जिम्मेदारी हैं। मिलर्स, ट्रांसपोर्टर या हमाल से सम्बंधित कोई समस्या हो तो जिला स्तरीय अधिकारियों को तत्काल सूचित करें।समिति प्रबंधको को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि किसी भी समिति में धान का शॉर्टेज होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने ज्यादा धान शेष उपार्जन केंद्र तेलासी, कोसमंदा, छेरकापुर, भवानीपुर बिटकुली निपनिया, रोहांसी, भटभेरा, मनोहरा, कोसमंदी के समिति प्रबंधोंको को धान उठाव में तेजी लाने मिलर्स से निरंतर संपर्क करने तथा हमाल या बारदाने की समस्या होने पर सम्बंधित मिलर्स एवं जिला अधिकारियों से समन्वय करने के निर्देश दिये।

**जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहाएं...**


### नाम परिवर्तन

मैं वासुपाली नवीन राव पिता वासुपाली अप्पा राव निवासी बुधवारीपारा नेहरू वार्ड नं. 12 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं मेरे समस्त दस्तावेजों में नाम वी. नवीन राव पिता वी. अप्पा राव माता वी. पूजा अंकित हैं जिसे अपना नाम वासुपाली नवीन राव पिता वासुपाली अप्पा राव माता वासुपाली पूजा VASUPALI NAVEEN RAO S/O VASUPALI APPA RAO MOTHER VASUPALI POOJA नाम परिवर्तन कर लिया हूं एवं नाम परिवर्तन किये जाने से नया नाम से जाना एव पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(वासुपाली नवीन राव)



### कार्यालय नगर पालिक निगम रिसाली (छ.ग.)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक/लो.क.वि./2025/2178 रिसाली, दिनांक 12/03/25

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोरातराई रिसाली जोरातराई स्कूल में प्रथम तल निर्माण कार्य। | 165836 | 5482804.00 | 02.04.2025 |

**(नोटः- ई-टेण्डर में सभी दस्तावेज एवं ऑफलाईन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा/दर को नहीं खोला जावेगा।)**

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम, रिसाली**


## समाचार संक्षेप

### गरुड़ साय मंडावी ने एमएससी बॉटनी सेमेस्टर-4 की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाया



**डौंडीलोहारा, 13 मार्च।** वनांचल ग्राम अरजपुरी के गरुड़ साय मंडावी ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ में एमएससी बॉटनी सेमेस्टर 4 में टॉप कर मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करते हुए। यूनिवर्सिटी के टॉप 10 लिस्ट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई,जिससे ग्राम, क्षेत्र, जिले सहित समस्त आदिवासी गोंड समाज का नाम गौरवान्वित किया। गरुड़ साय मंडावी जिन्होंने अपनी पढ़ाई डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पीजी कॉलेज डोंगरगांव में एमएससी बॉटनी की पढ़ाई की, उन्होंने टॉप टेन की सूची में स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए सर्व आदिवासी गोंड समाज गौरवान्वित हुआ, जिसके लिए गोंड संभागीय महासभा के कार्यक्रम में गरुड़ साय मंडावी को समाज के उच्च पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से डौंडी लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष अजीत कुमार कचलम, संभागीय महासभा संरक्षक जगतराम सलाम, हिरेश सिंह घावड़े, अध्यक्ष नरेंद्र नेताम,महासचिव तुकाराम कोर्राम,सचिव कुमार कोरेटी,सह सचिव नीतराम पुरामें, मीडिया प्रभारी श्याम सिंह नेताम, इस्तरी महाराष्ट्र ब्लॉक अध्यक्ष बाबूराव हिड़को, छुरिया ब्लॉक अध्यक्ष, मान साय बोगा, मोहला ब्लॉक अध्यक्ष सुखराम वट्टी,खड़गांव ब्लॉक अध्यक्ष संतुराम मंडावी,विशनाथ सिंह गोटा वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सहित पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### रमजान और होली को लेकर छुरा थाने में हुई शांति समिति की बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- थाना प्रभारी ने कहा हुडदंगियों और तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**छुरा, 13 मार्च।** आगामी 14 तारीख शुक्रवार को होली त्यौहार और अभी चल रहे रमजान के पवित्र महीने के साथ शुक्रवार को जुमा की नमाज को लेकर शांति व्यवस्था बनाने के लिये सोमवार को छुरा थाना प्रांगण मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छुरा रामसिंह सोरी व तहसीलदार छुरा रमेश मेहता, सीएमओ नगर पंचायत लाल सिंग मरकाम के उपस्थिति मे बैठक सम्पन्न हुई बैठक मे छुरा नगर के गणमान्य नागरिक के साथ सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे इस दौरान छुरा थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम ने कहा की होली का त्यौहार को सादगी के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा की अभी रमजान के महीने मे रोजेदारों की विशेष नमाज चल रही है।

### नवनिर्वाचित सरपंचों ने मंत्री टंकराम वर्मा से की मुलाकात



**तिल्दा नेवरा, 13 मार्च।** युवा एकता युवा नेतृत्व का परिचय देते हुए हमारे युवा साथीगण लोकतंत्र प्रणाली से सरपंच पद पर अपना जीत का परचम लहराने वाले युवा साथियों के साथ छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा से मुलाकात कर भविष्य में ग्राम को विकास की ओर अग्रसर ले जाने के लिए मार्ग दर्शन तथा आशीर्वाद लिया। देवेन्द वर्मा ग्राम -जोता, हरीश वर्मा मोहगांव (मोहदी, मनीष वर्मा ताराशिव, संदीप वर्मा सतभावा (खपरी खुर्द), दीपक वर्मा - युवा अध्यक्ष तिल्दा राज।

### चोरों ने स्कूल की खिड़की तोड़ मध्यान्ह भोजन के लिए रखा 5 कट्टा चावल पार कर दिया

**भखारा, 13 मार्च।** बिसाहू सिंह गौर शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक शाला भखारा में एमडीएम महिला शक्ति स्व.सहायता समूह के द्वारा संचालित



किये जा रहे मध्यान्ह भोजन पर चोरों ने डाका डाल दिया है। एमडीएम शक्ति महिला स्व सहायता समूह की रसोई कक्ष में रखे 6 कट्टा चांवल में से दो बार 5 कट्टा चांवल को 7 मार्च एवं 11 मार्च को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। सूत्रों से पता चला है कि चोरों ने उक्त चोरी एक बार ताला तोड़कर और दूसरी बार खिड़की तोड़ कर किया है अज्ञात चोरों ने रसोई कक्ष में रखे आलू,मिर्च की भी चोरी की है। एमडीएम महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने उक्त चोरी की शिकायत थाना भखारा में की है।


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

क्रमांक पुअ/कोण्डा./रनि/215-B /2025 दिनांक 05/03/2025

**// निविदा आमंत्रण सूचना//**

पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव की ओर से अधिकृत निर्माताओं तथा उनके विक्रेताओं से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एसआरई एवं अन्य आवश्यकताओं के लिए सामग्री प्रदाय करने इच्छुक फर्म बंद निविदाए पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट आमंत्रित की जाती है। भाव पत्रक पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर, वाणिज्य कर, चुकता एंव अधिकृत विक्रेता प्रमाण पत्र सहित) कोरे निविदा प्रपत्र की राशि 750.00 रूपये 0055 पुलिस 800 अमानत राशि 30000/- रूपये एफ.डी.आर. के रूप में स्वीकार की जायेगी।

01. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 27/03/2025 (17:00 बजे तक)
02. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 28/03/2025 (15:00 बजे तक)
03. निविदा खोले जाने की तिथि - 28/03/2025 (16:00 बजे तक)

**नोटः-**

1. वैद्य पंजीयन होना चाहिये।
2. जीएसटी नम्बर वाले बिल ही स्वीकार होगें।
3. निविदाएं सीलबंद लिफाफा में प्रस्तुत करना होगा जिसके भीतर प्रथम लिफाफा में अमानत राशि एवं फर्म से सम्बधित प्रपत्र रहेगा। द्वितीय लिफाफा में भावपत्र रहेगा।
4. अमानत राशि केवल एफ.डी.आर के रूप में स्वीकार किये जायेंगे।
5. सामग्री की गुणवत्ता/नियम व शर्ते निविदा फार्म के साथ दिया जायेगा।
6. सामग्री सप्लाई आर्डर के 05 दिवस के भीतर देना अनिवार्य होगा।

G-242505928/3

**पुलिस अधीक्षक**
**जिला कोण्डागांव**

## एक नजर

### अंबेडकर अस्पताल में 24 घंटे जारी रहेगी आपात चिकित्सा सेवा

**रायपुर, 13 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के दिशानिर्देश पर होली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए अम्बेडकर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था की गई है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ पैरामेडिकल स्टाफऔर अन्य संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने के लिए निर्देशित किया है। होली के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या आपातकालीन चिकित्सा स्थिति के संभावित मामलों को देखते हुए आपात चिकित्सा सेवाओं को चौबीसों घंटे चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। होली के दिन 14 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) बंद रहेगा, लेकिन इमरजेंसी सेवाएं पूर्ववत 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी।

### भारत में ई-व्हीकल इंडस्ट्री में तेजी

**रायपुर, 13 मार्च।** भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह इंडस्ट्री ऑटोमोबाइल सेक्टर को नया आकार देगी। प्रदूषण नियंत्रण, ईंधन की बढ़ती कीमतें और सरकार की प्रोत्साहन योजनाएँ इस बदलाव को गति दे रही हैं। भारत में ईवी पैसेंजर व्हीकल की हिस्सेदारी 2016 में सिर्फ0.03 प्रतिशत थी, जो 2023 में 1.3 प्रतिशतऔर 2024 में 2 प्रतिशततक पहुँच गई। अनुमान है कि 2025 तक यह 4 प्रतिशत और 2030 तक एक-तिहाई पैसेंजर व्हीकल का हिस्सा बन सकती है। 150 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) इस क्षेत्र की तेज़ी को दर्शाती है। ईवी मार्केट में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। 2024 में कंपनी की बिक्री 98 प्रतिशत बढ़कर 29, 035 यूनिट्स हो गई, जिससे इसका ईवी मार्केट शेयर 26त्न तक पहुँच गया। वहीं, टीपीईएम (टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी) 61त्न मार्केट शेयर के साथ अग्रणी बनी हुई है, लेकिन एमजी मोटर जैसी कंपनियाँ तेजी से उभर रही हैं।

### घरेलू एविएशन की दिशा में कदम

**रायपुर, 13 मार्च।** देश में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने गिफ्ट सिटी आईएफ़एससी में अपनी इंटरनेशनल बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) के माध्यम से एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग ट्रांजैक्शन करने वाला पहला भारतीय बैंक बनने का गौरव हासिल किया है। यह ऐतिहासिक डील टाटा समूह की कंपनी एयर इंडिया की लीजिंग शाखा और पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एआई फ्लीट सर्विस (एआईएफ़एस) के लिए की गई। यह उपलब्धि भारत के एविएशन वित्त क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिस पर अब तक बहुराष्ट्रीय बैंकों का प्रभुत्व था। साथ ही, यह गिफ्ट सिटी को विमान लीजिंग और वित्तपोषण के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाती है।

### बकाया जमा कराने होली के बाद आरडीए लगाएगा विशेष शिविर

**रायपुर, 13 मार्च।** रायपुर विकास प्राधिकरण के बकायादारों से वसूली के लिए अब होली के बाद 17 मार्च से योजना क्षेत्र में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी के निर्देश पर प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुन्दन कुमार ने इस हेतु नोड़ल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी। इसके अंतर्गत योजना के उप अभियंता, योजना के प्रभारी राजस्व लिपिक, कार्य सहायक सहित अन्य कर्मचारियों को संलग्न किया गया है। इस हेतु निर्धारित की तिथिओं में योजना स्थल पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक आवंटिति अपनी बकाया राशि चेक, ड्रॉफ्ट, बैकर्स चेक, डेबिट या क्रेडिट कार्ड, तथा आन लाईन राशि का भुगतान कर सकेगे। प्राधिकरण प्रशासन ने इस संबंध में एक मोबाईल नंबर 72249-80800 भी जारी किया है जिस पर कॉल कर जानकारी ली जा सकती है। कार्यालय व्दारा जारी आदेश के अनुसार 17 मार्च को डॉ. खूबचंद बघेल ट्रांसपोर्ट नगर - रावांभाठा, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवास योजना हीरापुर में 18 मार्च, बोरियाखुर्द में 19 और 20 मार्च, रायपुरा में 21 मार्च और सरोना में 22 मार्च को शिविर का आयोजन किया गया है।

### आसमुनि का देवलोक गमन

**रायपुर, 13 मार्च।** गुरुदेव श्रुतधर पंडित रत्न प्रकाशचंद्र के आज्ञानुवर्ति नव दीक्षित



आसमुनि(आसकरणजी गोलेछा) का आज दल्लीराजहरा (छत्तीसगढ़) में संथारा सहित देवलोक गमन हो गया है। महाप्रयाण यात्रा आज निकाली गई व चिखलाकसा मुक्तिधाम, दल्लीराजहरा में अंतिम संस्कार किया गया। पूज्य आस मुनि खींचन राजस्थान निवासी स्व लाल चंद मास्टर सा स्व गोगादेवी गोलछा के सांसारिक सुपुत्र, देवराज, गुलाब, उत्तम के बड़े भाई, राजनांदगांव निवासी विमल जितेन्द्र के पिताजी शुभम, दर्शन, दिव्यांश लगन के दादाजी कृतव के परदादा जी थे। पूज्य आस मुनि महेन्द्र कोचर, तरुण कोचर रायपुर के सांसारिक मामाजी थे।

#### निधन

### श्रीमती कमला दुबे

**रायपुर, 13 मार्च।** दीर्घायु हास्पिटल गोलचौक



दीनदयाल उपाध्यायनगर निवासी श्रीमती कमला दुबे (धर्मपत्नी स्व.डा. विद्यानंद दुबे) का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। अंतिम संस्कार आज महादेव घाट मोक्षधाम में किया गया। वे डाक्टर राकेश दुबे, विपिन, विकास, विवेक व रूचिर दुबे की मां थीं।

# छत्तीसगढ़ में होली के दिन बदला नमाज का समय

**रायपुर, 13 मार्च।** यूपी के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी जुमे की नमाज के समय में बदलाव किया गया है। होली के दिन मस्जिदों में दोपहर 1 बजे होने वाली नमाज अब 2 से 3 बजे के बीच होगी। सभी मस्जिदों के बोर्ड को पत्र भेजा गया है।



छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द के मद्देनजर निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के निर्णय का बीजेपी ने स्वागत किया है।

डॉ. सलीम राज ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के लोग जुमे की नमाज अदा करते हैं। दोपहर 12 बजे जोहर की नमाज होती है। नमाजी नमाज अदा करने के लिए मस्जिद की ओर निकलेंगे। इस दौरान होली भी खेली जाएगी। ऐसे में किसी से विवाद की स्थिति न बने, इसलिए नमाज की टाइमिंग बदली गई है।

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता सलीम रिजवी ने हिंदू और मुस्लिम समुदाय से होली के दिन विवाद ना करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बहुत से मस्जिद के मुतवल्लियों और कमेटियों ने दोपहर 2 बजे के बाद नमाज का वक्त रखा है। यही अच्छी बात है।

बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि बोर्ड के फैसले का हम स्वागत करते हैं। अगर सुबह होली खेली जाएगी और दोपहर में नमाज पढ़ी जाएगी तो ये बोर्ड का अच्छा निर्णय है। कांग्रेस को ये फैसला गलत लग सकता है, क्योंकि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। बीजेपी सबका साथ सबका विकास चाहती है।

रायपुर एसएसपी लाल उमेंद्र सिंह ने बताया, कि होली के दौरान किसी तरह का विवाद ना हो, इसलिए रायपुर पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। त्योहार शांति पूर्वक रहे, इसलिए रायपुर में 80 नाके लगाकर जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़कों पर लगातार 48 घंटे पुलिस मुस्तैद रहेगी। सेंसिटिव इलाकों में पुलिस लगातार गश्त करेगी। विवाद करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। CCTV कैमरों से निगरानी की जाएगी। राजपत्रित अधिकारियों की टीम मॉनिटरिंग करेगी।

### राजधानी को स्वच्छ बनाने अपने दायित्वों का निर्वहन करें अधिकारी : आयुक्त

**रायपुर, 13 मार्च।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम अधिकारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 की प्रशासनिक तैयारियों को पुख्ता तौर पर करवाने के कार्य सहित रायपुर को राजधानी के अनुरूप स्वच्छ बनाने के कार्य में नगर के प्रति अपने दायित्व का अच्छी तरह से निर्वहन करने कहा है, ताकि नागरिकों को एक स्वच्छ नगर की व्यवस्था का लाभ समुचित रूप से प्राप्त होता रहे। आयुक्त ने उद्यानों और तालाबों को स्वच्छ बनाने का कार्य सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता सम्बंधित कार्य दायित्वों को निर्वहन करते सहित आमजनों को स्वच्छता के प्रति निरंतर जागरूक बनाने पर कार्य करने कहा है, ताकि कराये गए विकास कार्यों के स्थलों पर कहीं भी कोई गन्दगी ना फैलाई जाये और उनका लगातार वांछित लाभ नगर में आमजनों को मिलता रह सके। गन्दगी और कचरा फैलाने वालों पर लगातार जुर्माना कार्यवाही करने के निर्देश व्यवस्था सुधार की दृष्टि से दिए गए है।

होलिका



**रायपुर, 13 मार्च। आज छत्तीसगढ़ में शुभ मुहुर्त पर होलिका दहन किया जाएगा। जगह-जगह इसकी तैयारी की गई है। 14 मार्च को होली मनाई जाएगी।**

फूलों की होली....



**रायपुर, 13 मार्च। सुंदर नगर हनुमान मंदिर में फूलों की होली का आयोजन किया गया। साधना शर्मा के नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी और भजन-प्रसाद वितरण से यह कार्यक्रम और भी विशेष हो गया था। आयोजन में पल्लवी थावाहित और पूनम ताम्रकार का सहयोग सराहनीय रहा।**

# महापौर मीनल चौबे ने दी होली की बधाई

**रायपुर, 13 मार्च।** राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने सभी नगर वासियों को होलिका द हन और होली पर्व पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि स्वास्थ्य, शान्ति प्रदान करने हेतु और रायपुर को सुन्दर, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगर बनाने सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्रदान करने हेतु परमपिता परमेश्वर के चरणों में विनम्र प्रार्थना की है। महापौर मीनल चैबे ने नागरिकों से होली पर्व पर



पालतू जानवरों, सड़कों के मवेशियों और जानवरों पपर रंग - गुलाल आदि ना डालने की विनम्र अपील की है। महापौर ने कहा कि होली के दिन लोग गाय, श्वान, बिल्ली आदि पालतू जानवरों पर रंग - गुलाल डाल देते है, जबकि वास्तव में ऐसा करना उचित नहीं है, कारण कि पालतू जानवरों को इससे अत्यंत असुविधा होती है। इसलिए नागरिकों को इसका ध्यान रखना चाहिए और रंग - गुलाल आदि उन पर नहीं डालना चाहिए, ताकि किसी भी जानवर को पर्व के दिन किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने पाए। महापौर मीनल चैबे ने सभी नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में नगर हित में स्वच्छता एप्प डाउनलोड कर मोबाइल पर स्वच्छता फीडबैक देने की विनम्र अपील की है।

नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने सभी नगर वासियों को होलिका दहन और होली पर्व पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए सभी नगर वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शान्ति प्रदान करने हेतु और रायपुर को सुन्दर, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगर बनाने सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्रदान करने हेतु परमपिता परमेश्वर के श्रीचरणों में प्रार्थना की है।

# छात्र- अध्यापक हुए रंग से सराबोर

**रायपुर, 13 मार्च।** सभी रंगों को अपने जीवन में समाहित कर वर्ष में एक बार आने वाले त्योहार होली को धूमधाम से मना संस्कृति का निर्वाह कर हर किसी के जीवन को रंगीला करने की सोच को लेकर विकास महाविद्यालय के छात्र-अध्यापको ने होली मनाई। इस अवसर में महाविद्यालय के संचालक डॉ सुरेश शुक्ला प्राध्यापकगण संगीता दुबे, अनुकृति शुक्ला, डेनिता साहू, हिमलता साहू, वर्षा अग्रवाल, डोलेश्वरी होता, वंदना



यदु खुशबू बाला, उमेश साहू, प्रदीप प्रधान, बृजेश, तन्मय माधवी, सितेश्वरी, जागृति, रुपाली, अक्षिता, संदीप, चन्द्रप्रभा सुप्रभा ऋतु ईश्वरी, जितेंद्र धर्मेश धनन्जय लक्ष्मी, नीलेश आदि उपस्थित थे।

### जमीन घोटाले की जांच सीबीआई से कराने डर क्यों रही साय सरकार : कन्हैया

**रायपुर, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि जब राज्य सरकार विधानसभा में स्वीकार कर रही है कि भारतमाला परियोजना रायपुर से विशाखापत्तनम राज मार्ग में घोटाला हुआ है। घोटाले का मुखिया का नाम भी मालूम है तो घोटाला करने वाले भू माफ़िया हरमीत खनुजा व राजस्व अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने जांच से परहेज क्यों कर रही है सरकार। जब घोटाले को अंजाम ही राजस्व के अफ़सर के संरक्षण में दिया गया है और घोटाले की जांच राजस्व के अफ़सर कैसे करेंगे। जांच में पारदर्शिता कैसे होगी और कैसे असली अभियुक्त पकड़े जाएंगे, शासन के 350 करोड़ जैसी बड़ी राशि की वसूली कैसे होगी। भारतीय जनता पार्टी के लोगों को मालूम है की मुख्य अभियुक्त कौन है तो सीधे उसके खिलाफकार्रवाई सरकार क्यों नहीं करती है। घोटाला यदि कांग्रेस सरकार में हुआ है तो भी घोटालेबाजों को गिरफ्तार करने की मांग कांग्रेस कर रही है और उनको बचाने का प्रयास भाजपा की प्रदेश सरकार कर रही है। यदि सरकार में हिम्मत है तो घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की घोषणा करे और केंद्र से लेकर राज्य की सरकार के हजारों करोड़ रुपये का घोटाला किया है उन सब के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा जाए।

# एक अप्रैल से महंगी हो जाएगी जमीन रजिस्ट्री

## 10 फीसदी बढ़ने के आसार



**रायपुर, 13 मार्च।** जमीन की खरीदी-बिक्री की सोच रहे हैं, तो इंतजार मत किजिए. एक अप्रैल से रजिस्ट्री दर में 10 प्रतिशत इजाफे के आसार हैं. ऐसी स्थिति में आपके साथ-साथ दूसरे पक्ष को भी कार्रवाई के लिए ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा.

दरअसल, पिछले 6 साल से गाइडलाइन दरें नहीं बढ़ाई गई है. इसके साथ ही सालभर पहले रजिस्ट्री में मिलने वाली 30 फीसदी की छूट भी खत्म कर दी गई है. अबकी बार या करें इस साल इसे करीब 10 फीसदी बढ़ाने की तैयारी है. गाइडलाइन दरें बढ़ने से जमीनों का रेट बढ़ेगा.

**रजिस्ट्री कार्यालय में भीड़ :** गाइडलाइन दर बढ़ने की आशंका में अभी से रजिस्ट्री कार्यालय में पक्षकारों की भीड़ नजर आने लगी है. मार्च महीने के अंत तक तो कार्यालय में पैर रखने की भी जगह नहीं मिलेगी. हालांकि, भीड़ बढ़ने के चलते ही रजिस्ट्री का समय वो घंटे बढ़ा दिया गया है. बुकिंग स्लॉट भी बढ़ा दिया गया है. लेकिन प्रकरणों की संख्या ज्यादा होने से समय ज्यादा तो लगेगा ही लगेगा, साथ में गड़बड़ी की भी आशंका बढ़ जाएगी. इसलिए बेहतर है कि समय रहते कागजों की ठीक जांच-पड़ताल कर रजिस्ट्री करा लें.

**इन इलाकों में ज्यादा कारोबार:** राजधानी रायपुर के जिन इलाकों में जमीन का कारोर ज्यादा हो रहा है उनमें विधानसभा, कचना, रिंग रोड नंबर-3, धमतरी रोड, वीआईपी रोड, सेजबहार, माना, अभनपुर, खरोरा रोड शामिल. रियल इस्टेट कारोबारी और लोग में इन इलाकों में जमीन खरीदने की होड़ मची हुई है.

# महिलाओं को ओजस्वी अवार्ड

**रायपुर, 13 मार्च।** शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा बापू की कुटिया कलेक्टर परिसर गार्डन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से उन सभी महिलाओं का सम्मान किया गया जो अपने-अपने क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करके समाज में एक नई मिसाल कायम कर रही है।

आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से महिलाएं उपस्थित रहीं सभी को मोमेंट्स और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में डॉ निकिता श्रीवास्तव व संस्था अध्यक्ष स्मिता सिंह द्वारा अंगदान व पिंक एक्सप्रेस टेक्निशियन रेणुका दीप द्वारा कैंसर जांच के लिए महिलाओं को जागरूक किया सभी ने सफल आयोजन के लिए संस्था अध्यक्ष स्मिता सिंह को शुभकामनाएं दी।आयोजन के मुख्य अतिथि मनीष मिश्रा मनावाधिकार आयोग संयुक्त संचालक, डॉ आरती साठे, डॉ गार्गी पांडेय, सुभदा पाठक व सोनल राजेश शर्मा, सुषमा बग्गा रहे। प्रीति रानी तिवारी, अजीता कुजूर, डॉ अनामिका शर्मा, रूनाली चक्रवर्ती संगीता मंडल, सार्थक फाउंडेशन सुषमा वालिया, अन्नपूर्णा शर्मा, हासी बैनर्जी का सम्मान किया गया।



# एमएल श्रॉफ बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट, ऑल स्टार्स का ट्रॉफी पर कब्जा

**रायपुर, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ सोसाइटी ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी अवं प्रिशा फाउंडेशन, रायपुर द्वारा एक दिवसीय एम एल श्रॉफ बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट 4.0 का आगाज़ 9 मार्च को नेटफ्लिक्स स्पोर्ट्स क्लब लालपुर में हुआ। इस कार्यक्रम के प्रारम्भ के मुख्य अतिथि उपकार चन्द्राकर प्रदेश महामन्त्री भारतीय जनता (पार्टी) युवा मोर्चा थे। उन्होंने टूर्नामेंट में उपस्थित सभी 16 टीमों के सदस्यों से मुलाकात की अवं उत्साहवर्धन हेतु सभी को टोपी देकर अच्छा खेल प्रदर्शन करने को कहा। उपकार चन्द्राकर ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन से खुश होकर उपहार स्वरुप एक बैट भी दिया। छत्तीसगढ़ सोसाइटी ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी अवं प्रिशा फाउंडेशन के अध्यक्ष डा रवि किशोर अग्रवाल अवं फार्मासिस्ट धनञ्जय सिंह ने बताया की इस टूर्नामेंट में प्रदेश से कुल 16 टीमों ने हिंसा लिए अवं



फिक्सचर्स के जरिये नाकआउट टूर्नामेंट के मैचेस निर्धारित किये गए। टूर्नामेंट में शहर के नामी ऑफिशल्स को निर्विघन करवाने आयोजन समिति ने बुलाया था। टूर्नामेंट के मध्य में , मैट्स विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग से डॉ. नितिन कल्ला एवं दीप्तांशु शर्मा जी विशेष रूप से उपस्तिथ हुए जिन्होंने सेमि फाइनल्स में पहुंचने वाली टीमों से मिलकर उनको बधाइयां दी अवं सेमि फाइनल्स में कमेंटटरी कर मैच का लुफ्त भी उठाया। सहयोग एक कोशिश संस्था के कोषाध्यक्ष राज किशोर अग्रवाल जी को समिति ने सेमी फाइनल के उत्कृष्ट खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार उपहार स्वरुप भेट की। टूर्नामेंट के अंत के मुख्य अतिथि डा. उमेश गुप्ता, प्रोफेसर, MATS यूनिवर्सिटी, रायपुर अवं स्पेशल गेस्ट द्वितेन्द्र पाठक, संरक्षक छत्तीसगढ़ सोसाइटी ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी थे। टूर्नामेंट से 'All Stars' नामक टीम ने ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया । फीनिक्स 7 के यश पाटिल मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे । अतिथियों ने सभी विजेताओं को ट्रॉफीज, मेडल्स एवम स्मृति चिन्ह देकर सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए उमेश गुप्ता, Dean, MATS University अवं द्वितेन्द्र पाठक जी ने छत्तीसगढ़ सोसाइटी ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के एडवाइजर डा शेखर वर्मा, फार्मासिस्ट विकास रामवानी, फार्मासिस्ट अंजू अनंत अवं प्रिशा फाउंडेशन की उपाध्यक्ष सविता तिवारी, सचिव ज़ाहिरा, कोषाध्यक्ष गौरव गुप्ता को इस एक दिवसीय नॉकआउट टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए बधाइयां दी अवं प्रति वर्ष इस आयोजन को करवाने को कहा। इस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला खिलाड़ियों के मैच एवं उनका सम्मान रहा।

# 5 दिव्यागों को मिला जयपुर पैर



**रायपुर, 13 मार्च।** विनय मित्र मंडल द्वारा संचालित जयपुर पैर के स्थाई वर्क शॉप में स्व. प्रेमराज वैद की पुण्यस्मृति में जयचंद उमेदचंद वैद परिवार की सौजन्यता से 5 दिव्यागों को निःशुल्क जयपुर पैर प्रदान किए गए ट्रक दुर्घटना में अपना पैर गंवा चुके मेखला राजनांदगांव के 17 वर्षीय जतिन साहू, 50 वर्षीय दुर्ग निवासी रामजी यादव, 40 वर्षीय सुपेला भिलाई के रमेश यादव, 30 वर्षीय चरौदा के बहिलोचन महानंद एवं43 वर्षीय नीरज वर्मा बेमेतरा शामिल थे। समारोह में वैद परिवार के नवरत्न वैदश्रीमती मंजू वैद कमल वैद एवं खेमराज बैद उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26